22 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 302



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गयाजी में आज 12,992 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे : सम्राट चौधरी




### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संतुलित नगरीय विकास की परिकल्पना मूर्त रूप लेगी

# झारखंड का सबसे बड़ा मॉल आइएसबीटी के साथ बनेगा

- रिंग रोड पर दुबलिया में निर्माण की योजना
- परामर्शी एजेंसी आइडेक ने दिया प्रस्तुतिकरण
- प्रधान सचिव ने मामूली संशोधन का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संतुलित एवं समग्र नगरीय विकास की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी शहरों का समतुल्य विकास पर्यटकीय आधार पर करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री की परिकल्पना एवं विभागीय मंत्री के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत रिंगरोड के निकट दुबलिया में प्रस्तावित अंतर राज्जीय बस टर्मिनल (आइएसबीटी) के साथ राज्य के सबसे बड़े मॉल बनाने की संकल्पना योजना (कंसेप्ट प्लान) का प्रस्तुतिकरण नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के समक्ष किया गया।

**एक सप्ताह के भीतर प्रारूप देने का निर्देश :** कर्नाटक की सरकारी परामर्शी एजेंसी आइडेक के प्रतिनिधियों ने प्रधान सचिव के कार्यालय कक्ष में कंसेप्ट प्लान का प्रस्तुतिकरण किया। सुनील कुमार ने आइडेक का प्लान के प्रारूप में कुछ फेरबदल कर एक सप्ताह के भीतर प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव ने कहा कि मॉल ऐसा बनाया जाये जिससे कि लोग जाम एवं भीड़भाड़ से दूर शांत प्राकृतिक वातावरण में खरीददारी करते हुये समय बीता सकें।

**रांची समेत अन्य जिलों को लाभ :** प्रधान सचिव के निर्देश के आलोक में भव्य मॉल का डिजायन तैयार किया जा रहा है। जिसमें हरियाली, झारंखड के सांस्कृतिक परिवेश, पर्यावरण, स्वच्छता, आधुनिकता एवं सुरक्षा का पूरा समावेश रहेगा। उम्मीद की जा रही है कि रिंगरोड के निकट मॉल बनने से आसपास के क्षेत्रों का नगरीय विकास होगा। पतरातु, रामगढ, कुडू और लोहरदगा तक के लोगों को ब्रांडेड सामग्री उपलब्ध होगी ।



**प्रस्तावित मॉल का स्वरूप**

दो बेसमेंट प्लस ग्राउंड फ्लोर 5.59 लाख स्क्वायर फीट, बेसमेंट के साथ 7.36 स्क्वायर फीट, सुविधा कियोस्क, इवेंट जोन, एक्जीविषन एरिया, डायनिंग एवं सीटिंग एरिया **ग्राउंड फ्लोरः** 28 दुकाने, एट्रीयम (खुले आसमान के नीचे छायादार छोटी दुकानें)- 7, उंचाई युक्त ग्लास पैनल, वर्टिकल फिन्स। **पहले, दूसरे और तीसरे फ्लोरः** प्रत्येक तल पर 29 दुकाने, सात एट्रीयम। **चौथे फ्लोरः** दुकानें 27, एट्रीयम 7। **पंचवा फ्लोरः** दुकाने 18 , एट्रीयम 7 , रेस्टोरेंट एक। **छठवां फ्लोरः** दुकाने 11, एट्रीयम 7 मल्टीप्लेक्स 4 रेस्टोरेंट 2 एट्रीयम 7



**आइएसबीटी का प्रारूप**

स्केपिंग, यात्रियों के लिए आरामायक शेड, बांस की कलाकृतियां, एलइडी स्क्रीन, वर्कषाप, कंपपाउंड वाल, कार-बाइक पार्किंग, डोरमेंट्री, अस्पताल, सुरक्षा कक्ष, पेट्रोल डीजल एवं सीएनजी पंप, लैंड स्केपिंग। **ग्राउंड फ्लोरः** एलायटिंग बस वे 17,इंटरसिंटी बस वे 21, इंटर स्टेट बस वे 18, इंट्रा स्टेट बस वे 15 कुल 211 बस पड़ाव, शौचालय, सुरक्षा कक्ष, टिकट काउंटर, एटीएम, लैंड स्केपिंग, कियोस्क। **फर्स्ट फ्लोर :** फूड कियोस्क, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, रेस्टोरेंट, डोरमेट्री, रेस्टोरेंट, शौचालय।




## राहुल गांधी कांग्रेस के युवा नेताओं से घबराते हैं : मोदी

- प्रधानमंत्री एनडीए की बैठक में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** संसद के आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए गठबंधन के नेताओं के साथ चाय पर बैठक की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी दौरान मोदी ने कहा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस में कई युवा और प्रतिभाशाली नेता हैं। परिवारवाद और असुरक्षा के कारण उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवा नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी असुरक्षित और घबराए हुए महसूस कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का मानसून सत्र शानदार रहा। इसमें कई महत्वपूर्ण बिल पास हुए। साथ ही विपक्ष की आलोचना की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिलों पर बहस करने के बजाय हंगामा किया। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग बिल की तारीफ भी की।

## चतरा : लेंबोडीह गांव में माओवादियों का तांडव

- 20 से 25 नक्सली देर रात पहुंचे गांव
- एक ट्रैक्टर और सवारी गाड़ी में लगायी आग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लावालौंग/चतरा।** चतरा जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात लावालौंग थाना क्षेत्र के लेम्बोडीह गांव में माओवादी नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक, मनोहर गंझू के दस्ते के 20 से 25 नक्सली देर रात गांव पहुंचे। उनका निशाना गांव के ही निवासी संतन गंझू थे। नक्सली संतन को खोजते हुए उनके घर तक पहुंचे, लेकिन जब वह वहां मौजूद नहीं मिले, तो वे भड़क उठे। गुस्साए नक्सलियों ने संतन गंझू के घर के बाहर खड़ी एक ट्रैक्टर और एक सवारी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## ऑनलाइन गेमिंग बिल राज्यसभा में भी पारित

- लोकसभा में 37 घंटे ही चर्चा हो सकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को आखिरी दिन था। सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किये, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

उधर, राज्यसभा में अमित शाह ने तीन बिल जेपीसी में भेजे जाने के लिए रखे। अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग बिल चर्चा के लिए रखा। हालांकि विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। बाद में इसे राज्यसभा से भी ऑनलाइन गेमिंग बिल पास कर दिया गया। इसके बाद राज्यसभा भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी।

### न्यूज रील्स

**झारखंड का मानसून सत्र आज से होगा शुरू**

रांची (अजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही अपनी-अपनी रणनीति के साथ तैयार है। विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, जबकि सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों को गिनाने और विपक्ष के आरोपों का जवाब देने की तैयारी में है। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जायेंगे, जो राज्य के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होंगे। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। सत्र 28 अगस्त तक चलेगा। इस बार सत्र के दौरान कुल चार बैठकें होंगी। 23 अगस्त को शनिवार और 24 अगस्त को रविवार होने के कारण इन दोनों दिनों में बैठक नहीं होगी। इसके अलावा 27 अगस्त को भी अवकाश होगा। बताते चलें कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र पहले एक अगस्त से सात अगस्त तक निर्धारित था और इसका शुभारंभ एक अगस्त को हुआ भी था, लेकिन चार अगस्त को दिशोम गुरु और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण सत्र को तत्काल प्रभाव से अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन किया


- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, सोनिया और राहुल समेत कई नेता मौजूद रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को नामांकन भरा। रेड्डी ने चार सेट में नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 20 नेता प्रस्तावक बने। नामांकन के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। रेड्डी ने नामांकन दाखिल करने से पहले संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। नामांकन दाखिल करने के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है, बल्कि भारत के उस विचार से जुड़ा है, जहां संसद ईमानदारी से काम करती है। असहमति का सम्मान किया जाता है और संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करती हैं। उन्होंनें कहा कि अगर वे चुने जाते हैं, तो उपराष्ट्रपति पद को निष्पक्षता, गरिमा, संवाद और शिष्टाचार के साथ निभायेंगे।

रेड्डी का मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उन्होंने बुधवार को नामांकन दाखिल किया था।




## एशिया कप में पाकिस्तान के साथ मैच खेलेगा भारत

- सरकार ने दी हरी झंडी, जारी किया पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** एशिया कप 2025 शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। क्रिकेट फैंस बेसब्री से टूनार्मेंट का इंतजार कर रहे हैं। एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान भी हो गया है। भारतीय टीम अपने टूनार्मेंट की शुरुआत 9 सिंतबर यूएइ के खिलाफ मैच से करेगी। फैंस की नजरें भारत और पाकिस्तान के मैच पर है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला 14 सितंबर दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा। वहीं इस मैच को लेकर बड़ी खबर आ रही है। भारत सरकार ने दुबई में होने वाले एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर मंजूरी दे दी है। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को पाकिस्तान को ध्यान में रखते हुए भारत के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों पर नयी नीति जारी की। इसके तहत साफ किया गया है कि बीसीसीआइ को पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत होगी, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज पर रोक पहले की तरह ही जारी रहेगी। सरकार ने साफ किया है कि इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल टूर्नामेंट के मामले में भारत खिलाड़ियों के हित और अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों के नियमों को ध्यान में रखकर ही कदम उठायेगा। भारत अब एक भरोसेमंद मेजबान देश के रूप में भी उभर रहा है, इसलिए भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिनमें पाकिस्तान भी खेलता है। इसी तरह, पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भारत में होनेवाले मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में शामिल हो सकेंगे।

### एशिया कप : झारखंड की सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड की सलीमा टेटे को 14 सितंबर से होने वाले एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। यह टूनार्मेंट चीन के हांगझोउ में होगा। एशिया कप का विजेता 2026 एफआइएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना जापान, थाइलैंड और सिंगापुर से होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# दिलचस्प तो है, पर अप्रत्याशित नहीं होगा उपराष्ट्रपति चुनाव

## ■ राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता की सियासी लड़ाई के रणनीतिक मायने
## ■ आंकड़े एनडीए के पक्ष में, पर इंडी अलायंस भी पूरे आत्मविश्वास में
## ■ क्रॉस वोटिंग, निर्दलीय और छोटे दल पलट सकते हैं चुनाव परिणाम

**आजाद सिपाही विशेष**

उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अब नौ सितंबर को मतदान होना तय है। एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के मुकाबले इंडिया गठबंधन ने जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा है। दोनों ने नामांकन दाखिल भी कर दिया है। दोनों गठबंधन अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इंडिया गठबंधन ने जैसे ही अपना उम्मीदवार खड़ा किया, एनडीए ने अपनी रणनीति में बदलाव लाना शुरू कर दिया। अभी तक एनडीए की कोशिश थी कि उसके उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नाम पर आम सहमति बन जाये। इसके लिए राजनाथ सिंह विपक्ष के नेताओं से बात भी कर रहे थे। लेकिन बात नहीं बनी और इंडी अलायंस ने पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बना दिया। इसके बाद एनडीए अब इस कोशिश में है कि सीपी राधाकृष्णन को ज्यादा से ज्यादा वोट मिले। इसके लिए वह इंडी गठबंधन के कुछ घटक दलों को अपने पाले में करने की कोशिश में है। उधर इंडी गठबंधन ने तेलंगाना से प्रत्याशी देकर एनडीए में सेंध लगाने की रणनीति तैयार की है, लेकिन यह कामयाब होगी, ऐसा फिलहाल तो लगता नहीं है। उपराष्ट्रपति चुनाव में संख्या बल के हिसाब से एनडीए मजबूत स्थिति में है। एनडीए ने वाइएसआर कांग्रेस पार्टी का समर्थन हासिल कर लिया है, जिससे उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। हालांकि बीजू जनता दल ने एनडीए उम्मीदवार को समर्थन नहीं देने का फैसला किया है, जिससे गठबंधन को अपनी रणनीति को और पुख्ता करने की जरूरत है। उधर इंडी गठबंधन को पता है कि एनडीए के पास संख्या बल है, फिर भी वह इस चुनाव को एक मजबूत राजनीतिक संदेश देने के अवसर के रूप में देख रहा है। बी सुदर्शन रेड्डी के चयन से गठबंधन की कोशिश है कि वह बीजेपी के कुछ असंतुष्ट सांसदों या सहयोगी दलों को क्रॉस-वोटिंग के लिए प्रेरित करे। गठबंधन निर्दलीय सांसदों, बीजद और अन्य छोटे दलों से समर्थन जुटाने में लगा है। उपराष्ट्रपति का चुनाव इस बार राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता का चोला ओढ़ चुका है। क्या है इसके पीछे की सियासी रणनीति और राष्ट्रीय राजनीति में इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

उपराष्ट्रपति पद के लिए अब एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों तरफ से उम्मीदवारों का एलान हो चुका है। एनडीए ने जहां महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं उनसे मुकाबले के लिए इंडी ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारा है। दोनों ने नामांकन दाखिल भी कर दिया है। इस प्रकार एक तरफ जहां मोदी ने एनडीए उम्मीदवार की तारीफ करते हुए कहा है कि राधाकृष्णन सियासी खेल नहीं करते हैं, बल्कि सुलझे हुए राजनेता हैं। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने इंडी ब्लॉक के उम्मीदवार रेड्डी को गैर-राजनीतिक चेहरा बताते हुए कहा है कि मौजूदा चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। साधारण भाषा में कहें, तो उपराष्ट्रपति चुनाव को भी राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता की सियासी लड़ाई का नया अखाड़ा बना दिया गया है, जिसके रणनीतिक मायने भी दिलचस्प हैं। इस चुनाव में वैसे तो संख्या बल में एनडीए, यानी सत्ता पक्ष का पलड़ा भारी है, लेकिन यह लड़ाई आंकड़ों से ज्यादा प्रतीकात्मक प्रतीत होता है। देखा जाये तो अपने-अपने सियासी अहम के सवाल पर विभाजित विपक्ष ने भी पुनः एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एक मजबूत प्रत्याशी उतारकर सत्ता पक्ष को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसी मोर्चे पर सरकार को फ्री हैंड नहीं देने जा रहा है। उसके इस कदम से विपक्ष को फायदा हो या न हो, लेकिन एनडीए में शामिल दलों की पूछ-परख बढ़ जायेगी। वहीं किसी भी सहयोगी ने यदि थोड़ा सा घात कर दिया, तो फिर सत्ता पक्ष की किरकिरी भी हो सकती है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है।

### पहली बार दोनों प्रत्याशी दक्षिण से

यही वजह है कि मौजूदा उपराष्ट्रपति चुनाव के दृष्टिगत कतिपय सवाल खड़े हो रहे हैं- खासकर उम्मीदवार चयन को लेकर। सर्वप्रथम तो यह कि जिस तरह से दोनों केंद्रीय सियासी गठबंधनों ने अपने-अपने उम्मीदवार के नाम दक्षिण भारत से दिये हैं, उससे भी उत्तर भारत के राजनेता ठगे रह गये हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वसम्मति से एनडीए कैंडिडेट बने राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना (पुराने आंध्रप्रदेश) से। लिहाजा दोनों चेहरों का दक्षिण भारत से होना महज सियासी संयोग नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे दोनों प्रतिस्पर्धी राजनीतिक गठबंधनों की कोई सुनियोजित राजनीतिक योजना है और इसी वजह से यह



चुनाव और भी अधिक दिलचस्प हो गया है।

### राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता

दूसरा, विपक्षी दल एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन और इंडी ब्लॉक उम्मीदवार रेड्डी की लड़ाई को विचारधारा यानी धर्मनिरपेक्षता की लड़ाई बता रहे हैं, क्योंकि उनका कहना है कि जब एनडीए संघ के आदमी पर भरोसा कर रहा है, तो वो एक प्रोग्रेसिव विचारधारा यानी धर्मनिरपेक्ष उम्मीदवार को सामने रख रहे हैं। जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन के सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंच से एक संक्षिप्त से नोट पढ़कर इंडी ब्लॉक के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार रेड्डी के नाम का एलान किया, वह खासा अहम है।

### विपक्षी एकता के लिए बड़ा संदेश

जैसा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सभी दलों ने सर्वसम्मति से रेड्डी की उम्मीदवारी पर मुहर लगायी है, यह विपक्षी एकता के लिहाज से लोकतंत्र के लिए एक बड़ा क्षण है। लिहाजा उन्होंने रेड्डी को राजनीतिक न्याय का चैंपियन करार दिया, जबकि मंच से ही टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि इस फैसले में आम आदमी पार्टी भी ब्लॉक के साथ है। बताया गया है कि इंडी ब्लॉक के अंदर सभी दलों के साथ इस मसले पर अनौपचारिक बातचीत हुई थी।

दरअसल, इस पूरी प्रक्रिया में चार-पांच नामों को लेकर चर्चा भी हुई, पर वे किसी ना किसी वजह से पूरे मापदंड पर खरे नहीं उतर पा रहे थे। इसी दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व निदेशक और तमिलनाडु से आने वाले माइलस्वामी अन्नादुरई और सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी के नामों पर चर्चा की। जब इन अहम नामों पर भी आम सहमति नहीं बन पायी, तब खड़गे की ओर से सभी घटकों के नुमाइंदों के सामने रेड्डी का नाम सामने रखा गया, जिस पर किसी की ओर से आपत्ति नहीं जतायी गयी।

### इसलिए रेड्डी के नाम पर बनी सहमति

बताया जाता है कि रेड्डी का नाम कांग्रेस शासित तेलंगाना की सोशल इंजीनियरिंग से भी जुड़ा रहा है। वहां की सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण के डेटा के विश्लेषण के लिए जिस पैनल का गठन किया था, उसकी अगुआई रेड्डी ने ही की है। वहीं, टीएमसी जैसे दलों की ओर से यह साफ कर दिया गया था कि इंडी ब्लॉक की ओर से उम्मीदवारी में जो भी व्यक्ति सामने आये, वह गैर राजनीतिक हो। इसलिए रेड्डी के नाम पर आम सहमति बन गयी। बताया जाता है कि टीएमसी नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तमिलनाडु के नेता स्टालिन से कहा था कि चुनाव को तमिलनाडु बनाम तमिलनाडु बनाने का अच्छा संकेत नहीं जायेगा। फिर बात आयी कि बिहार या उत्तर प्रदेश के किसी व्यक्ति को चुना जाये। इस पर कहा गया कि इसे बीजेपी दक्षिण में भुना लेगी। फिर छोटे राजनीतिक नाम से भी परहेज करने पर सहमति बनी। तब सबमें सहमति जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के नाम पर हुई। इससे कांग्रेस को लगता है कि वह इस नाम को पेश कर आंध्र प्रदेश में भी अपनी साख जमा सकती है।

### तमिल बनाम तेलुगु का मुकाबला

चूंकि, विपक्ष गठबंधन की दक्षिणी राज्यों के दलों पर भी नजर है। विपक्ष के एक नेता ने कहा भी है कि उन्हें उम्मीद है कि वाइएसआरसीपी अब अपने रुख पर फिर से विचार करेगा। बता दें कि वाइएसआरएसीपी ने घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन का समर्थन करेगी। इसे विपक्ष राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का काउंटर मान रहा है, जिसके जरिये एनडीए, डीएमके जैसे दलों को सोच में डालना चाहता है।

तीसरा, एनडीए के लिए दक्षिण भारत में अपनी जड़ें जमाना अब भी मुश्किल भरा कार्य है। चूंकि कर्नाटक में उसकी जमी-जमायी सियासी जड़ें भी सूखती चली गयी, इसलिए उसकी राजनीतिक मुश्किलों को समझा जा सकता है, जबकि विपक्ष की सियासत के लिए दक्षिण भारत शुरू से ही एक ऐसा उर्वर राजनीतिक मैदान रहा है, जहां से उसने भाजपा को सदैव मजबूत चुनौती पेश की है। इसलिए कहा जा सकता है कि जारी उपराष्ट्रपति चुनाव में इस पद के लिए घोषित उम्मीदवार रेड्डी पूर्व निर्धारित सियासी लड़ाई का विस्तारित रूप ही है।

खासकर जिस तरह से एनडीए सहयोगी टीडीपी ने इंडी ब्लॉक प्रत्याशी राधाकृष्णन के समर्थन का एलान किया है, उसका प्रभावी असर भी अब सत्ता पक्ष की रणनीति पर साफ-साफ दिखने भी लगा है और प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से भी उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन के लिए सहयोग मांगा है। उनके लिए खुशी की बात यह है कि इंडी ब्लॉक के डीएमके ने एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन का समर्थन करने का फैसला किया है।

### दोनों पक्षों के लिए अवसर और चुनौती

इसलिए कहा जा रहा है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहा चुनाव दोनों केंद्रीय सियासी गठबंधनों के लिए मौका और चुनौती दोनों लेकर आया है। अगर सौ फीसदी वोटिंग होती है, तो दोनों सदनों में मिलाकर चुनाव में जीत के लिए 394 वोट चाहिए होंगे, जबकि एनडीए के पास 422 का संख्या बल है। चूंकि उपराष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और सदस्य पार्टी व्हिप से नहीं बंधे होते हैं, इसलिए सरकार और विपक्ष, दोनों के शक्ति प्रदर्शन के लिए यह मौके के साथ साथ चुनौती भी है।

---

# प्रधानमंत्री मोदी गयाजी में आज 12,992 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे : सम्राट चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को गयाजी से बिहार की जनता को 12,992 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार के बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी एवं ग्रामीण विकास और पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

### छह परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

सम्राट चौधरी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि इस अवसर पर 11,735 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा। इसमें- बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता वाला थर्मल पावर प्लांट है, जिसकी लागत 6,878 करोड़ रुपये, मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना 523 करोड़, मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का 385 करोड़ की लागत से निर्माण, 1,871 करोड़ रुपये से मोखामा-सिमरिया के बीच एनएच-31 पर 4/6 लेन और गंगा



ब्रिज का निर्माण, बख्तियारपुर से मोखामा एनएच-31 सड़क का सुधार 1,899 करोड़ रुपये से और 179 करोड़ रुपये से बिक्रमगंज-दवथ-नवांगर-दुमरांव सड़क का 2 लेन में उन्नयन शामिल है।

### 12,000 लाभार्थियों को गृह प्रवेश करायेंगे पीएम

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 1,257 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं में दाउदनगर और औरंगाबाद में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क, बरहिया (लखीसराय) और जमुई में एसटीपी और आइएंडडी, वहीं अमृत 2.0 के तहत औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जल आपूर्ति एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 4,260 और ग्रामीण क्षेत्रों में 12,000 लाभार्थियों को गृह प्रवेश करायेंगे। इस अवसर पर पांच प्रमुख लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से अपने घरों की चाबी भी वो सौंपेंगे। इनमें तीन ग्रामीण और दो शहरी परिवार शामिल हैं।

### गयाजी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे

इसके साथ ही पीएम मोदी गयाजी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और बुद्ध सर्किट की वैशाली से कोडरमा ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। इन रेलों के परिचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि गयाजी में प्रधानमंत्री के कर कमलों से बिहार को मिल रही 13 हजार की परियोजनाओं से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ जल, बेहतर सड़क और परिवहन की सुविधा और आवास जैसी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी होने से बिहार विकास के पथ पर और तेजी से बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को आर्थिक और सामाजिक रूप से गतिशील बनाकर एक विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

---

# बिहार में कई जगहों पर एनआइए की रेड

**हाजीपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने गुरुवार को नागालैंड से एके-47 लाकर बिहार में बेचने के मामले में वैशाली, हाजीपुर और मोतिहारी में बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई मुजफ्फरपुर में मई 2024 में एके-47 की बरामदगी से जुड़े संवेदनशील मामले की जांच के तहत की गयी। गुरुवार सुबह 4:30 बजे एनआइए की छह सदस्यीय टीम ने हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के डाक बंगला चौक पर राजू राय के घर पर छापा मारा। करीब छह घंटे तक चली तलाशी में घर के हर कोने, छत पर लगे वाटर टैंक, अलमारी, गोदरेज और बक्सों की गहन जांच की गयी।

---

# भागलपुर में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज: अशोक सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर।** ग्वालियर से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने भागलपुर में गुरुवार को कहा कि 22 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा भागलपुर में है। उसी दिन देश के पीएम नरेन्द्र मोदी की जनसभा गयाजी में है। बिहार की जनता में राहुल गांधी के प्रति जो उत्साह अभी तक दिखा, वह देश के संविधान की रक्षा और वोटर को जागरूक करने से जुड़ा है, जबकि मोदी जी बिहार में घोषणा की बाढ़ लाने वाली बात करते हैं लेकिन हुआ गया कुछ भी नहीं है। भागलपुर की वोटर



अधिकार यात्रा में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के साथ राहुल गांधी की यात्रा है। इसको लेकर भागलपुर की जनता उत्साहित है। रात्रि विश्राम भी राहुल गांधी भागलपुर के नवगछिया में करेंगे। अशोक सिंह ने बताया कि राहुल गांधी अभी बिहार में 70% इलाका कवर करेंगे। उसके बाद राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी भी साथ होंगी। 22 अगस्त को तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी भी भागलपुर में राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा में साथ होंगे। राहुल गांधी भागलपुर में वैसे वोटर से भी मिलेंगे जिनको मृत घोषित किया गया है, लेकिन वे अभी भी जीवित हैं। वोटर को जागरूक करने का राहुल गांधी का यह प्रयास जनता के भीड़ को देख समझा जा सकता है।

---

# पूर्णिया से पटना तक वंदे भारत ट्रेन से जुड़ेगा सीमांचल : लेसी सिंह

**खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने कहा- विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया एवं सीमांचल के विकास को लेकर बिहार सरकार की योजनाएं अब गति पकड़ रही हैं। राज्य की खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि पूर्णिया से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस



ट्रेन और जनहित एक्सप्रेस के ठहराव से न सिर्फ पूर्णिया, बल्कि आसपास के 10 जिलों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन ट्रेनों के परिचालन से व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नयी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पटना से पूर्णिया ग्रीन एक्सप्रेस वे की योजना को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया भी तेज हो गयी है। इसके बन जाने से सीमांचल और पटना के बीच दूरी व समय दोनों घटेंगे, जिससे उद्योग, रोजगार और पर्यटन को बड़ा सहारा मिलेगा। मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट को लेकर लगातार पहल हो रही है और आने वाले दिनों में सीमांचल के लोगों को हवाई सेवा की सौगात मिलेगी। लेसी सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता सीमांचल का समग्र विकास है और सड़क, रेल तथा हवाई सेवा-तीनों स्तरों पर तेजी से काम हो रहा है। उनके अनुसार सीमांचल अब विकास की नयी रोशनी में आगे बढ़ेगा और क्षेत्र की आवाज सीधे राजधानी पटना व देश-दुनिया तक पहुंचेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8°c | 23.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.17 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |



# झारखंड की ज्वलंत समस्याओं को लेकर पीएम मोदी से मिले डॉ प्रदीप कुमार वर्मा

आजाद सिपाह संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड बीजेपी के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य की गंभीर समस्याओं एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण की वजह से झारखंड की जनसंख्या संरचना में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। कोयल चोरी और ध्वस्त कानून व्यवस्था ने राज्य को



संकट की स्थिति में खड़ा कर दिया है। उभरते हुए संथाली आदिवासी आंदोलनकारी नेता सूर्य नारायण हांसदा की पुलिस द्वारा सुनियोजित नृशंस हत्या की घटना ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार ने झारखंड की प्रगति और जनता के विश्वास दोनों को गहरी चोट पहुंचाई है। डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु किये जा रहे कार्य सराहनीय और ऐतिहासिक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से झारखंड की इन चुनौतियों का समाधान अवश्य होगा।

## पीएम मोदी से मिले सांसद आदित्य साहू



प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने भी प्रधानमंत्री को झारखंड की सांस्कृतिक पगड़ी और गमछा देकर सम्मानित किया। इस दौरान आदित्य साहू के परिवारजन भी साथ थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करेगी पार्टी

# चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा झामुमो : सुप्रियो

**राज्यभर में केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन करेगी पार्टी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने इस विधेयक को लोकतंत्र का अंत बताते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में बने रहने के लिए इडी, सीबीआइ और चुनाव आयोग जैसे संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों में चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं के बाद अब



भाजपा ने विपक्षी नेताओं को जेल में डालने और उन्हें 30 दिनों तक कैद में रखने की योजना बनायी है, जिससे उनका राजनीतिक सफर खत्म हो सके। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को मिली 240 लोकसभा सीटों में से करीब 100 सीटें चोरी की गयी हैं और वास्तविक जनसमर्थन सिर्फ 140 सीटों पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विपक्ष को दबाने और खत्म करने की कोशिश में नयी रणनीतियां अपना रही है। संसद में सरकार की ओर से दिये गये जवाब का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 1729 विपक्षी नेताओं पर इडी और सीबीआइ की कार्रवाई हुई है, जिनमें सिर्फ दो को दोषी ठहराया गया और दोनों झारखंड से हैं।

सुप्रियो ने भाजपा पर भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई नेता भाजपा में शामिल होता है, उसे पवित्र मान लिया जाता है। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड से उठी विरोध की लहर ने भाजपा को हिला दिया है और अब यह लहर बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश होते हुए पूरे देश में भाजपा को टक्कर देगी। भट्टाचार्य ने एलान किया कि इस संविधान संशोधन के विरोध में झामुमो राज्यभर में केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन करेगा और चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू करेगा।

# शराब घोटाला जांच में बाबूलाल मरांडी का मुख्यमंत्री को पत्र, सीबीआइ जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चर्चित शराब घोटाले को लेकर सियासत गर्मा गयी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक तीखा पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने जांच में जानबूझकर की गयी ढिलाई और आरोपियों को जमानत मिलने पर गंभीर सवाल उठाये हैं। मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की मंशा इस घोटाले की निष्पक्ष जांच करने की नहीं है, बल्कि पूरे मामले को जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में सरकार ने तीन महीने बीत जाने के बावजूद चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिससे एक-एक कर सभी आरोपी जमानत पर रिहा हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जतायी कि एसीबी ने जिन अधिकारियों से पूछताछ की,



उनकी रिकॉर्डिंग तक नहीं की गयी, जिससे बयान में हेराफेरी की आशंका गहरा गयी है। मरांडी ने सवाल उठाया कि क्या यह सब मुख्यमंत्री की सहमति से हो रहा है या फिर अधिकारी अपनी मर्जी से इतना बड़ा खेल खेल रहे हैं। पत्र में मरांडी ने दावा किया कि यह पूरा मामला छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट से जुड़ा है और रायपुर से दिल्ली तक फैले माफियाओं को बचाने की साजिश रची गयी है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों ने बड़ी डील कर आरोपियों को बेल दिलाने के लिए समय पर चार्जशीट नहीं दी। पत्र के अंत में मरांडी ने पूरे मामले की सीबीआइ जांच की मांग करते हुए कहा है कि राज्य सरकार की एसीबी जांच महज एक दिखावा है और इससे असली दोषियों को बचाया जा रहा है। यह पत्र एक बार फिर राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर सकता है और सरकार की जांच प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है।

### पलटवार : सुप्रियो के बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने साधा निशाना

# जेल से सरकार चलाने की परंपरा अब होगी समाप्त : अजय साह

**130वां संविधान संशोधन संवैधानिक नैतिकता के पक्ष में, भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध कर रही है। अजय साह ने स्पष्ट किया कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक, जिसे संसदीय प्रक्रिया के तहत संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया है, पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता है। उन्होंने कहा कि इसे असंवैधानिक कहना हास्यास्पद है और झामुमो नेताओं



की संवैधानिक समझ पर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है जब एक कानून संवैधानिक नैतिकता के आधार पर बनाया जा रहा है, जो संविधान निर्माताओं की सोच और दृष्टि के अनुरूप है। अजय साह ने कहा कि जिस नैतिक राजनीति की नींव पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने रखी थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि एक समय इंदिरा गांधी ने 39वें संविधान संशोधन के जरिए खुद को न्यायिक जांच प्रक्रिया से ऊपर रखने का प्रयास किया था, जबकि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विधेयक के अंतर्गत प्रधानमंत्री के पद को भी कानून के दायरे में लाकर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अजय साह ने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद मुख्यमंत्री और मंत्री द्वारा जेल के अंदर से सरकार चलाने की परंपरा समाप्त हो जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी समेत वे सभी दल, जिन्होंने कभी ऐसे ही संशोधन का समर्थन किया था, आज इस पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन नेताओं को अपने काले कारनामों के उजागर होने और सजा मिलने का डर है, वहीं इस कानून का विरोध कर रहे हैं। जबकि हर वह नागरिक जो एक स्वच्छ और जवाबदेह लोकतंत्र की परिकल्पना करता है, इस विधेयक का समर्थन कर रहा है।

# इचागढ़ के देवलटांड़ के विकास को लेकर लापरवाही बरत रहे अधिकारी : संजय सेठ

**स्वीकृति और राशि जारी होने के तीन साल बाद भी नहीं बनी सड़क**

**रक्षा राज्य मंत्री के आग्रह पर नितिन गडकरी ने दिये जांच के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के इचागढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे देवलटांड़ में जैन धर्मावलंबियों के भगवान आदिनाथ का अति प्राचीन मंदिर स्थित है। लगभग 3000 वर्ष पुराने इस मंदिर तक जाने के लिए सड़क नहीं थी। इस मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने वर्ष 2022 में यहां सड़क निर्माण का आग्रह केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से किया था। इस क्षेत्र के विकास का मामला लोकसभा में भी



उठाया था। इस आग्रह के आलोक में उन्होंने सेंट्रल रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत ?2.1 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसके लिए राशि भी झारखंड सरकार के संबंधित विभाग को भेज दी गयी। दुर्भाग्यवश उपरोक्त सड़क का निर्माण आजतक नहीं हो पाया। आज भी श्रद्धालुओं को उपरोक्त पवित्र स्थल तक जाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है। इस मामले को लेकर संजय सेठ ने पुनः नयी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और पूरी वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने इस मामले की जांच का निर्देश भी दिया है। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लगभग 3000 वर्ष पुराने उपरोक्त स्थल तक जाने के लिए केंद्र सरकार ने सड़क बनाने की स्वीकृति दे दी। राशि भी निर्गत कर दी परंतु झारखंड के अधिकारियों ने सड़क बनाना जरूरी नहीं समझा। यह बताने के लिए काफी है कि किस कदर झारखंड को विकास से दूर किया जा रहा है।

# दिशोम गुरु को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सदन से पारित करा केंद्र को भेजे राज्य सरकार : विनोद कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र (22 से 28 अगस्त) को ऐतिहासिक बनाते हुए सत्ताधारी दल को चाहिए कि वह स्मृति-शेष दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सदन से पारित कर केंद्र सरकार को भेजे।

विनोद कुमार पांडेय ने आगे कहा कि 22 अगस्त को जहां अनुपूरक बजट पेश होगा और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी जायेगी, वहीं 26 अगस्त को अतिवृष्टि और किसानों की समस्याओं पर विशेष चर्चा के बीच सत्ताधारी दल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन की आवाज गुरुजी के सम्मान में एकजुट होकर दिल्ली तक पहुंचे।



उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का अनुपम प्रतीक है।

उन्होंने नशाखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ जनांदोलन छेड़ा, आदिवासी समाज को शिक्षा व सामाजिक चेतना से जोड़ा और झारखंड अलग राज्य निर्माण के आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया। अथक संघर्ष के बलबूते अलग झारखंड राज्य की मांग को झारखंड से लेकर दिल्ली तक एक बड़ा जनांदोलन बनाने वाले गुरुजी को श्रद्धांजलि स्वरूप भारत रत्न दिलाने की दिशा काम करने की जरूरत हैं।

हालांकि गुरुजी के अद्वितीय योगदान को देखते हुए अब तक केंद्र सरकार को खुद ही इस दिशा में पहल करते हुए गुरुजी को भारत रत्न देने का एलान करना चाहिए। भाजपा के सांसद, विधायक को भी आगे आना चाहिए क्योंकि दिशोम गुरु एक सर्वमान्य नेता और सामाजिक न्याय के योद्धा थे। झारखंड राज्य निर्माता गुरुजी ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि ऐसे महापुरुष को भारत रत्न देने का प्रस्ताव अगर झारखंड विधानसभा से पारित होकर केंद्र सरकार तक जायेगा तो यह न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों को गौरवान्वित करेगा। हम सत्ताधारी दल से आग्रह करते हैं कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता से सदन में लायें और पारित करायें।

# गरीब छात्रों के साथ हो रहा अन्याय : प्रतुल शाहदेव

**कुलाधिपति से बीपीएल विद्यार्थियों के लिए खाली पड़ी सीटों पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश देने का आग्रह**

आजाद सिपाही संवाददददाता

**रांची।** पूर्व सीनेट सदस्य प्रतुल शाहदेव ने राज्यपाल सह झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति से आग्रह किया है कि वे राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दें कि गरीबी रेखा से नीचे आने वाले विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलायें। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अभी भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि अनेक विश्वविद्यालयों के अनेक विभागों में बीपीएल विद्यार्थियों के लिए सीटें खाली जा रही हैं। झारखंड के विश्वविद्यालयों के पीजी विभागों, कॉलेजों और सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज में बीपीएल छात्रों के लिए आरक्षित सैकड़ों सीटें हर साल खाली रह




जाती हैं। यह स्थिति विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर उदासीनता को दर्शाती है। जब गरीबों के लिए बनायी गयी योजनाओं का लाभ ही उन्हें न मिले तो यह शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

उन्होंने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्नातकोत्तर स्तर पर प्रत्येक विभाग में दो सीटें गरीब छात्रों के लिए आरक्षित हैं। स्नातक स्तर पर प्रत्येक विभाग में पांच सीटें बीपीएल छात्रों के लिए सुरक्षित हैं। सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज में 10 सीटें (पांच पूर्णतः निःशुल्क और पांच आंशिक निःशुल्क) गरीब छात्रों के लिए उपलब्ध हैं।

प्रतुल शाहदेव ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण ये सीटें हर साल खाली जा रही हैं। यानी, गरीबों के लिए बनी सीटें सिर्फ कागजों तक सीमित रह गयी हैं। प्रशासन गरीब छात्रों को उनका हक दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है। यह चुप्पी गरीबों के भविष्य की हत्या है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब पीजी में हर विभाग में दो सीटें, स्नातक स्तर पर पांच सीटें और सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्स में दस सीटें गरीब छात्रों के लिए आरक्षित हैं, तो आखिरकार इन सीटों पर दाखिला क्यों नहीं हो रहा? क्या विश्वविद्यालय प्रशासन इन सीटों को जानबूझकर खाली रखता है? सबसे दयनीय स्थिति तो सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज की है।

प्रतुल शाहदेव ने राज्यपाल से अपील की है कि वे इस मामले में कड़ा हस्तक्षेप करें और खाली पड़ी सीटों को गरीब विद्यार्थियों से भरने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का सख्त निर्देश विश्वविद्यालय प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि गरीबों के हक पर डाका डालने वाली यह व्यवस्था बर्दाश्त से बाहर है। अगर विश्वविद्यालय प्रशासन अब भी नहीं चेता तो छात्रों के हक के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## एनडीएमए टीम ने हजारीबाग में की आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नयी दिल्ली की टीम गुरुवार को हजारीबाग जिला का दौरा किया। टीम में पीआरएजी के उप सचिव अंबुज बाजपेयी, अवर सचिव सरोज कुजूर, कंसल्टेंट डीएम डॉ. वसीम इकबाल शामिल थे। टीम ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में हजारीबाग, रामगढ़, दुमका एवं साहेबगंज जिलों के आपदा मित्रों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में डॉ वसीम द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के कार्यों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के दृष्टिकोण से विस्तारपूर्वक बताया गया। जिलों को आपदा तैयारी एवं रिस्पॉन्स सिस्टम मजबूत करने, राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा एवं अद्यतन से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किये गये। अर्ली वार्निंग एवं अर्ली एक्शन प्लान की स्थिति, अंतर-विभागीय समन्वय (आर्म्ड फोर्सेज, सीएपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ) एवं सिविल-मिलिट्री कॉन्फ्रेंस, जिला ईओसी की संरचना एवं कार्यप्रणाली एवं कम्युनिटी वॉलंटियर्स (आपदा मित्र, आपदा सखी, दिदी) का प्रशिक्षण एवं सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही हाथियों का प्रकोप, स्नेक बाइट, हीट वेव, लाइटनिंग, अग्निकांड, भारी वर्षा एवं बिजली से संबंधित घटनाओं से निपटने की योजनाओं पर भी चर्चा की गयी।

## डीएवी के विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ




कोडरमा (आजाद सिपाही)। पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में जिला प्रशासन कोडरमा की पहल पर वस्त्र एवं पुस्तकों के दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बच्चों ने 100 से अधिक पुस्तकें एवं 1000 से अधिक वस्त्र स्वेच्छापूर्वक दान किए। विद्यालय में सिटी मैनेजर कोडरमा रणधीर वर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा उपहार स्वरूप दिये गये वस्त्रों एवं पुस्तकों को सिटी मैनेजर को सौंपते हुए अपील की कि इन्हें असहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाये। प्राचार्य ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया यह अभियान गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को शिक्षा और बेहतर जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगा।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 11वां जत्था कटकमसांडी प्रखंड के बरगड्डा पंचायत से हुए रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गये सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का ग्यारहवां जत्था गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगड्डा मैदान से धूमधाम से रवाना हुआ। भक्तिभाव से गांव में पदयात्रा निकाली और स्थानीय मंदिरों में आशीर्वाद लेकर तीर्थ यात्रियों के कुशलता की कामना के साथ उन्हें चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया। बरगड्डा स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस पावन यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, भाजपा नेता जुगनू सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बीजेपी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा महिला नेत्री सत्यभामा, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, भाजपा नेता शिवपाल यादव सहित कई स्थानीय गणमान्य भाजपा नेताओं ने पुष्प वर्षा करके रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री शीतलाल यादव, कटकमसांडी पूर्वी बीजेपी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कटकमसांडी पश्चिमी बीजेपी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, मुखिया आदित्य दांगी, मुखिया नारायण साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुकेश ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू, महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महावीर सिंह, सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें चार धाम वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या दर्शन के लिए विदा किया।

## सीबी कोल परियोजना ने आयोजित किया पगार फुटबॉल कप



केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर पहल के तहत पगार फुटबॉल कप का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 4 टीमें एनटीपीसी की थीं जबकि एक टीम एसआईएसएफ की थी। वहीं बाकी टीमें परियोजना प्रभावित क्षेत्रों की थीं। फाइनल मुकाबले में एसआईएसएफ टीम ने पगार टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ, पवन खांडवे, नीलमाधब स्वाइन, शक्ति बरनवाल और विजय किशोर मौजूद थे।

## दरवाजे पर आकर डाकिया पूछे तब बताएं ओटीपी, जल्द लागू होगी यह व्यवस्था

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। भारतीय डाक विभाग में जल्द ही मोबाइल ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित डिलीवरी व्यवस्था शुरू होने जा रही है। झुमरीतिलैया व कोडरमा जिले के सभी डाकघरों में एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी (एपीटी) 2.0 साफ्टवेयर इंस्टाल हो चुका है। इसके तहत अब रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और पार्सल की डिलीवरी के लिए ग्राहक को मोबाइल पर ओटीपी मिलेगा। दरवाजे पर पोस्टमैन को सही ओटीपी बताने पर ही डाक सौंपी जाएगी। पहले केवल हस्ताक्षर के आधार पर डिलीवरी होती थी, जिसमें कई बार शिकायतें आती थीं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि साइबर जालसाज इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। इसलिए डाकिया के सामने आने पर ही ओटीपी बताएं। अगस्त से ही डाक विभाग में नए साफ्टवेयर पर काम शुरू किया गया है। इसके तहत एक ही काउंटर पर बुकिंग, भुगतान सहित अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। नये साफ्टवेयर के माध्यम से ओटीपी आधारित डिलीवरी भी शुरू की जायेगी। डाक या किसी पार्सल की बुकिंग के दौरान प्राप्तकर्ता का मोबाइल नंबर दर्ज किया जायेगा। डाक देने के पहले संबंधित पते पर पहुंचकर डाकिया ओटीपी मांगेंगे। इसके बाद ही संबंधित को डाक सौंपेंगे। ओटीपी आधारित सेवा में जहां सुरक्षा बढ़ेगी। वहीं साइबर अपराधियों के भी सक्रिय होने की आशंका है।

# अतिक्रमणकारियों पर चला नगर निगम का बुलडोजर

**सड़क के किनारे अस्थाई रूप से लगे दुकानों को हटाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के जिला परिषद चौक से पुराना समाहरणालय परिसर से होते हुए अन्नदा चौक तक गुरुवार को अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया। नगर निगम, जिला परिवहन विभाग, यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप कारवाई करते हुए सड़क के दोनों तरफ से सैकड़ों फुटपाथ दुकानों को हटाया। इस दौरान दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल देखा गया। सभी लोग अपनी अपनी दुकानों समेटते दिखे। अपनी दुकानों को टूटता देख दुकानदारों में काफी रोष देखा गया। उनके आंखों के आंसू ये बयां कर रहे थे कि परिवार का भरण पोषण इसी दुकान से चलता है। अगर हमारी दुकानों को ऐसे हटाया गया, तो हम कहां जायेंगे। हमारे घर परिवार का भरण पोषण, बच्चों की पढ़ाई, और बूढ़े मां पिता की दवाई कैसे होगी। फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम से गुहार लगाया है कि हम लोगों के व्यवसाय के लिए जगह दिया जाये। इधर अतिक्रमण हटाओ अभियान के बारे में पूछे जाने पर सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार ने कहा कि शहर में सड़क किनारे लगे फुटपाथ दुकानों और दुकानों के आसपास लगने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन के कारण आये दिन जाम की समस्या आती है, जिससे कई बारे एम्बुलेंस और आवश्यक सेवा भी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे किसी भी हाल में तीन फिट छोड़ कर ही दुकान लगाना चाहिए।

वहीं फुटपाथ दुकानदारों ने कहा कि समय समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर हमारे दुकानों को हटा दिया जाता है, जिससे हम सबों को काफी नुकसान झेलना पड़ता है। जिला प्रशासन से उन्होंने गुहार लगाते हुए कहा है कि हम सबों के रोजगार को देखते हुए हमारे दुकानों के लिए स्थाई व्यवस्था करते हुए निश्चित स्थान सुनिश्चित करते हुए हमें दिया जाये।

## सदर अस्पताल की चारदीवारी गिरी, गुणवत्ता की पोल खुली

**आधा दर्जन चार चक्का और एक दर्जन मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले में रुक रुक कर गुरुवार सुबह से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित है, वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण दुर्घटना भी हुई है। बारिश ने सदर अस्पताल के चारदीवारी के गुणवत्ता की पोल भी खोल दी है। कोडरमा मुख्यालय से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित व्यवहार न्यायालय के ठीक सामने एसडीओ आवास तथा सदर अस्पताल का बाउंड्रीवॉल गुरुवार को हो रही बारिश के कारण गिर गया। जिससे वहां खड़े किए गए लगभग आधा दर्जन चार पहिया वाहन तथा दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल क्षति ग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना के समय इन वाहनों में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति दीवार की चपेट में आ गया और घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान कोडरमा निवासी व झामुमो कोडरमा नगर पंचायत सचिव मनीष पांडे (पिता स्व. महेश पांडेय) के रूप में की गई है। बताते चलें कि एसडीओ आवास के ठीक सामने व्यवहार न्यायालय स्थित है। यहां आने वाले लोग अक्सर अपनी गाड़ियों को एसडीओ आवास के चारदीवारी से सटा कर खड़ी कर देते हैं। जिससे कई बार तो यहां आवागमन पर भी असर पड़ता है। वहीं गुरुवार को दीवार के गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। अचानक दीवार खड़े वाहनों पर ही गिर पड़ा, जिससे कई वाहनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब तक वे कुछ समझ पाते दीवार उनके वाहनों पर गिर गया, कुछ लोगों को घटना के पश्चात वहां गिरे मलबे से अपने वाहन निकालने के क्रम में हल्की चोटें भी आई हैं। इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे के अंदर दबे वाहनों को निकालने में जुटी हुई है। इधर कई लोगों ने दीवार के निर्माण को घटिया बताते हुए संवेदक पर भी सवाल खड़ा किया है।

## बड़कागांव कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पक्ष में निकाली रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** आंध्र प्रदेश के भाजपा सांसद एवं उनके भाई द्वारा कांग्रेस के केंद्रीय सचिव सह बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को मोबाइल पर धमकी दिये जाने का कड़ी निंदा बड़कागांव के कांग्रेस प्रखंड कमेटी ने की है। साथ ही साथ कमिटी ने प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव से मुख्य चौक तक एक रैली निकालकर भाजपा सांसद के प्रति विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एनटीपीसी मुर्दाबाद, रित्विक कंपनी मुदार्बाद, योगेंद्र साव परिवार जिंदाबाद, का नारा लग रहे थे। पार्टी के लोगों का कहना है कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव द्वारा आंदोलन का देन है कि आने - पौने मुआवजा की राशि 4-5 लाख रुपया लेकर आई थी जिसे बढ़ाकर 25 लाख तक ले जाया गया। पार्टी ने कहा कि एनटीपीसी केंद्र सरकार की अधीन कंपनी है। एनटीपीसी के सहायक कंपनियां जबरन ग्रामीण रैयतों की जमीन लुट एवं घरों को तोड़ रही है जिसकी आवाज बनकर आज भी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ग्रामीणों के साथ डटकर खड़े हैं। जबकि केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधि तक कंपनी को साथ देने के लिए उतारू हैं। कंपनी के पांव पसरवाने के लिए अंबा प्रसाद को धमकी दे रहे हैं ताकि कंपनी मनमानी कर सके। पार्टी ने कहा कि इस परिवार के रहते क्षेत्र में कंपनी मनमानी नहीं कर सकती है। इसलिए पार्टी धमकी देने वाले सांसद एवं उनके परिवार के प्रति कड़ी निंदा करती है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह भोक्ता, धर्मनाथ महतो, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, शमशेर, आनंद, पदुम, छोटे खान, विजय, मो तसीम, महेंद्र सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।

## आंगनवाड़ी सेविका का उत्पीड़न और मानदेय कटौती पर रोक लगे : संजय




**अनिवार्य एफआरएस के खिलाफ आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन ने मनाया काला दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** सीटू से संबद्ध ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आईफा) के देशव्यापी आह्वान पर आंगनबाड़ी में अनिवार्य फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के खिलाफ 21 अगस्त को झुमरीतिलैया ब्लॉक परिसर में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले सेविका सहायिकाओं ने विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया। जहां एफआरएस वापस लो, सेविकाओं का उत्पीड़न करना बंद करो, मानदेय पोषाहार मे कटौती नहीं चलेगी, केन्द्र सरकार होश में आओ, महिला एवं बाल विकास मंत्री मुदार्बाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि देश की आंगनवाड़ी कर्मचारी इस बात से स्तब्ध हैं कि 11 अगस्त 2025 को बाल विकास विभाग मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों में सभी सेवाओं के लिए अनिवार्य फेस रिकॉग्निशन सिस्टम जारी रखने का निर्णय दोहराया है। जबकि दिल्ली में 6 अगस्त को आंगनबाड़ी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल को महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आश्वासन दिया था कि आंगनवाड़ी सेवाओं में अनिवार्य एफआरएस से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान किया जायेगा। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश के सर्वाधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों के पास मोबाइल फोन नहीं है और अनेक के आधार नंबर मोबाइल से लिंक नहीं हैं। यह अनुसूचित जाति/ जनजाति जैसे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के इलाके में ज्यादा है। एफआरएस में पंजीकरण न हो पाने के कारण लाभार्थियों को आंगनबाड़ी सूची से हटाना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है।

## गोधया में तीन दिनों से झुंड से बिछड़ा हाथी का उत्पात जारी

**टाटीझरिया में हाथी ने 17 माइल -झरपो रोड में टेंपो को किया छतिग्रस्त, चालक भाग कर बचायी जान**

**वन विभाग के अधिकारी, वनपाल और वनरक्षी को सूचना देने के बावजूद नहीं देते हैं ध्यान**

**बेरहो में लाखों की लागत से बना भवन पड़ा है बेकार, नहीं रहता है कोई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** थाना क्षेत्र के सत्रह माईल-झरपो रोड में बुधवार रात हाथी का उत्पात देखने को मिला। यह हाथी पिछले तीन-चार दिन से उत्पात मचा रहा है। बुधवार की रात करीब 8 बजे सुनसान सड़क में एक हाथी टेंपो को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान टेंपो में सवार चालक भराजो निवासी रंजीत कुमार ने मौके से भागकर अपनी जान बचायी। दरअसल, झुंड से बिछडे एक हाथी का उत्पात जारी है। यह हाथी अचानक कहीं भी पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर देता है। इसी बीच सत्रह माईल-झरपो मार्ग में जंगल से निकल कर सड़क पर हाथी आ गया। हाथी को देखते ही टेंपो चालक वाहन को मौके पर छोड़ भागकर अपना जान बचाया। इस घटना में वह बाल-बाल बच गया। हाथी ने टेंपो को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। टेंपो चालक ने बताया कि वह रात में घर लौट रहा था। इसी दौरान हाथी जंगल से निकल कर सडक पर आ गया। उसने बताया कि यदि वह भागा नहीं रहता तो उसकी जान जा सकता था। इस घटना के बाद से गोधिया, भराजो, झरपो, अमनारी, नारायणपुर, बेडमक्का और इस सडक मार्ग से गुजरने वाले आसपास दर्जनों गांवों के हजारों लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है। झुंड से बिछड़ा हाथी गोधया जंगल में डेरा जमाए हुए है और आसपास तीन दिनों से उत्पात मचा रहा है। लोगों ने कहा कि हाथी आने की सूचना वन विभाग के रेंजर, वनपाल और वनरक्षी को देने के बावजूद ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां तक की फोन करने पर कोई रिसीव भी नहीं करते हैं। कुछ दिन में पहले अमनारी जंगल के पास अचानक सडक पर हाथी के आने से टाटीझरिया से अपने घर खंभवा लौट रही महिला को हाथी ने कुचल कर मार डाला था। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दे रहा है। **बेरहो में लाखों की लागत से बन आवास में नहीं रहता है कोई :** वन विभाग ने टाटीझरिया के बेरहो में वनपाल, वनरक्षी, सहित अन्य कर्मी को रहने के लिए लाखों रुपये खर्च का आवास बनाया है। परंतु वह बेकार पड़ा हुआ है। इसमें कोई नहीं रहता है। सभी हजारीबाग या सरिया में डेरा जमाए हुए हैं। कभी कभार वहीं से आना जाना करते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीआरपीएफ जवान के घर चोरी, दो लाख नगद और गहने सहित कागजात गायब

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंघानी में स्थित सीआरपीएफ जवान के घर चोरी की बड़ी घटना सामने आयी है। जवान गौरव समीर सिंह दो दिन पूर्व ही अपनी ड्यूटी पर वापस गये थे। इसी बीच उनके घर को चोरों ने निशाना बना डाला। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसी मुहल्ले में रहने वाली जवान की बहन अपने ससुराल से गुजर रही थी। उसने देखा कि भाई के घर का दरवाजा टूटा हुआ है। शक होने पर इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। जब पुलिस की मौजूदगी में घर खोला गया, तो अंदर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब थे। भुक्तभोगी की बहन ने बताया कि चोरों ने घर से लगभग 2 लाख रुपये नगद, सोने के गहने और घर से जुड़े जरूरी कागजात चोरी कर लिए हैं। इधर, चोरी की घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोनहरा खुर्द स्थित फ्लाईओवर फोरलेन जीटी रोड पर एक युवक घायल हालत में पुलिस को मिला। वह गंभीर रूप से घायल था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के मुताबिक इलाज के क्रम में सदर अस्पताल हजारीबाग में घायल युवक की मौत हो गयी।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण शुरू




बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभागार में प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। गुरुवार को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी के देखरेख में आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण की शुरुआत की गयी।इसमें बतौर प्रशिक्षक पर्यवेक्षिका रंजीता कुमारी और संध्या कुमारी शामिल थे। यह प्रशिक्षण 21 को शुरू हुआ, जो 23 अगस्त को संपन्न होगा। इस प्रशिक्षण में किरण कुमारी, यशोदा देवी, सुभद्रा देवी, रिंकी देवी, कलावती देवी, ऊर्मिला कुमारी, नविता पांडेय शामिल थीं।

### डेल्टा मैथ्रीन का छिड़काव शुरू

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड में मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, फाइलेरिया से बचाव करने को लेकर डेल्टा मैथ्रीन कीटनाशी दवा का छिड़काव किया गया। इसका नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने किया। बड़कागांव में इसकी शुरूआत पलांडु गांव से शुरू की गयी। जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग एवं बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार के संयुक्त तत्वाधान से तलसवार पंचायत के सभी गांव में मलेरिया प्रभावित क्षेत्र को देखते हुए सभी जगहों पर कीटनाशी छिड़काव किया जायेगा। इसकी जानकारी मलेरिया सुपरवाइजर तरुण कुमार शर्मा के द्वारा दी गयी। इसमें मुख्य रूप से मुकेश गोस्वामी और सहिया उषा देवी आदि मौजूद थीं।

### एथेलेटिक्स में ओभर ऑल चैंपियन बने देवकुली के विद्यार्थी खोखो की विजेता बनी कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं



इचाक (आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों को हौसला बढ़ाने हेतु बीडीओ संतोष कुमार पहुंचे। वहां खो खो प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं के खेल को देखा। गोला फेंक एवं दौड़ में शामिल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इसके बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थी खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी खेल शिक्षक अभिनव कुमार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान एथेलेटिक्स खेलों में उत्क्रमित पल्स टू उच्च विद्यालय देवकुली के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। वहीं के एन पल्स टू उच्च विद्यालय इचाक समेत अन्य विद्यालय के बच्चों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। 100 एवं 200 मीटर अंडर 17 बालक वर्ग में रौशन कुमार,(अंडर 19) 800 मीटर दौड़ में सीमा कुमारी, राजन कुमार, (अंडर 17)1500 मीटर दौड़ में लखी कुमारी एवं विवेक कुमार, (अंडर 19)1500 मीटर दौड़ में लक्ष्मी कुमारी एवं चंदन कुमार, गोला फेंक में रंजन कुमार, राजन कुमार, आलिया प्रवीण, 3000 मीटर दौड़ में कस्तूरबा विद्यालय की मनीषा कुमारी एवं रोहन कुमार ने बाजी मारी। वहीं खो-खो प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इचाक की छात्राओं ने बाजी मारी, जबकि तेतरिया स्कूल की छात्रा उपविजेता बनी। खेल समापन उपरांत सभी आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की टीम बनायी गयी, जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इचाक प्रखंड से खेलेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने ने खेल शिक्षक अभिनव कुमार, किरण कुमारी, सुधीर कुमार, कांति बा, सीआरपी संतोष कुमार, हृदयांशु कुमार, राजेश यादव, ओमप्रकाश प्रणव, रविंद्र रवि, शिक्षक ऐनुल अंसारी, कैलाश मेहता, प्रीति कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र मेहता, गौतम यादव, राजीव सिंह, मीना कुमारी, थॉमस पासवान, सुरेंद्र राणा, नूतन कुमारी, दीपक कुमार के अलावा विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

### पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों की सितंबर में होगी अर्द्धवार्षिक परीक्षा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोरोना महामारी के बाद सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा फिर से शुरू होगी। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने पहली से 12वीं तक की परीक्षा सितंबर में कराने की घोषणा की है। हालांकि, आठवीं कक्षा के लिए प्रश्नपत्र झारखंड एकेडमी काउंसिल (जैक) उपलब्ध करायेगा। कोरोना काल में स्कूल स्तर पर परीक्षाएं आयोजित की जाती थीं, जहां प्रश्नपत्र व्हाट्सएप के जरिए भेजे जाते थे। इसबार विद्यार्थियों को विभागीय स्तर से प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिए जेसीईआरटी ने सभी जिलों से स्कूलवार और क्लासवार बच्चों की संख्या मांगी है। ई-विधावाहिनी पोर्टल पर यह संख्या अपलोड कराई जा रही है, ताकि उसी आधार पर छपाई कर जिला स्तर पर प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका भेजी जा सके। शैक्षणिक कैलेंडर 2025-26 के अनुसार, अर्द्धवार्षिक परीक्षा 8 से 13 सितंबर तक होगी। टाइम टेबल जल्द जारी किया जायेगा।

### टाटीझरिया के भराजो मुखिया वार्ड सदस्यों को दे रही हैं प्रशिक्षण

टाटीझरिया (आजाद सिपाही) प्रखंड के भराजो पंचायत के मुखिया स्वास्तिका कुमारी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। एक महिला होने के नाते कितना परेशानी का सामना करना पड़ता है ये बात सभी जानते है। घर-परिवार संभालना, बच्चों की देखरेख करना, मुखिया होने के नाते पंचायत का कार्य करना पड़ता है। ये सभी कार्य बहुत आसानी और कुशल व्यवहार के साथ कर लेती हैं। इसके अलावा जिला पंचायती राज्य ने एक बड़े जिम्मेदारी और दे दी है वह जिम्मेदारी है दूसरे जिले में जाकर वार्ड सदस्यों और मुखिया को ट्रेनिंग देना। इन सदस्यों को पंचायती राज्य के बारे में विस्तृत जानकारी देना है। छोटे -छोटे बच्चों को छोड़कर वे कोडरमा के जयनगर में वार्ड सदस्यों को ट्रेनिंग दे रही हैं। इससे पहले रामगढ़, मांडू, बोकारो, सदर सहित कई पंचायत के मुखिया को ट्रेनिंग दे चुकी हैं।उन्होंने कहा कि इस ट्रेनिंग में पंचायती राज्य के अधिकार और कर्तव्य के बारे में बताया जाता है। ग्राम सभा, 15 वित्त, मनरेगा सहित कई चीजों के बारे जानकारी देने का काम करती हूं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फुटबॉल खिलाड़ी को सांप ने काटा, रिम्स रेफर



पतरातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोतो निवासी प्रकाश महतो गांव के ही फुटबॉल मैदान में फुटबॉल खेलने के क्रम में झाड़ियां में बाल जाने के बाद फुटबाल निकालने के लिए झाड़ियां में गये, इस वक्त जहरीले सांप ने पैर में डंस लिया। आनन फानन में खिलाड़ियों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बच्चों को दी गयी फलेरिया की खुराक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गुरुवार को भारत भारती विद्यालय उरीमारी के विद्यार्थियों को फलेरिया की दवा दी गयी। बच्चों के माता-पिता की सहमति से वर्ग तीन से दस तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट, मैकिटिजान टेबलेट, डाईथाइल कारबामेजाइन, और एंटी -हेलमिनथिक नामक दवाइयां खिलायी गयी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित सीएचओ सरोज कश्यप, एमटीएस तरुण शर्मा ने बच्चों को फलेरिया के विषय में जानकारी दी। मौके पर सहिया रेशु सिंह, सहिया रूपा देवी, महिला मंडल जीपीआर संगीता कुमारी, विद्यालय के प्राचार्य माहे आलम अंसारी, उप प्राचार्य अर्जुन साव, फुलमति मुर्मू, सरिता गयासेन, सीमा श्रीवास्तव, अनिता मौजूद थीं।

### भुरकुंडा पटेलनगर में उल्लास से मनायी गयी श्रीकृष्ण की छठियारी



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पटेलनगर कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी परिसर में पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्रीकृष्ण छठियारी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यजमान सुरेंद्र यादव और उनकी पत्नी आशा देवी ने पुरोहित जनार्दन पाठक के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्ना यादव, रामाकांत दुबे, सरोज राणा, उत्तम सिन्हा, नरेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, जितेन्द्र पांडेय, किशोर यादव, शंकर दयाल यादव, अवधेश सिंह का उल्लेखनीय प्रयास रहा।

### अन्नपूर्णा फूड कोर्ट का शुभारंभ



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के टायर मोड़ में सेलिब्रेशन पॉइंट (एफसी) अन्नपूर्णा फूड कोर्ट का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इससे पूर्व अन्नपूर्णा फूड कोर्ट के संचालक शशि सिंह सपत्नीक के साथ विधिवत रूप से अपने प्रतिष्ठान का पूजा अर्चना की। शशि सिंह ने बताया कि हमारे इस सेलिब्रेशन पॉइंट एफसी में बर्थडे, एनिवर्सरी सेरेमनी, रिंग सेरेमनी, किटी पार्टी, मीट अप पार्टी, स्पेशल फंक्शन एंट्री आदि की व्यवस्था उचित मूल्य पर है। रिसोर्स पर ध्रुव सिंह, शत्रुघ्न सिंह, उपेंद्र सिंह, अलखदेव सिंह, रिंकू सिंह, अजीत सिंह, दुर्गा गौतम, प्रभा देवी, हेमा देवी, रूपेश यादव, प्रकाश यादव, कालेश्वर यादव, बिट्टू सिंह, संजीत यादव, आकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अंचल अधिकारी के रूप में रितिक ने लिया प्रभार



हंटरगंज (चतरा)। अंचल अधिकारी के रूप में गुरुवार को रितिक कुमार ने पदभार ग्रहण किया।यह पदभार निवर्तमान अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा से ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान सभी अंचल कर्मी के अलावा उप प्रमुख राहुल गुप्ता,समाजसेवी कौशलेंद्र कुमार सिंह,प्रधान सहायक प्रदीप कुमार,नाजिर सुनील कुमार मौजूद थे।

### अधिकार मित्र ने चलाया जागरूकता अभियान



हंटरगंज/ चतरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड के केतारी बार गांव में विश्व वरिष्ठ नागरिकता दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय पीएलवी सह अधिकार मित्र कुमार विवेक रंजन एवं सरयु यादव के द्वारा किया गया। मौके पर वरिष्ठ नागरिकों को बैंक, प्रखंड कार्यालय ,रेलवे सहित अन्य जगहों पर मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

## लापता सीसीएलकर्मी का शव कार समेत तालाब से बरामद



**सड़क हादसे का शिकार हुए सीसीएलकर्मी मंशु साव**

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। बीते 16 अगस्त की रात्रि 11 बजे से लापता सीसीएलकर्मी का शव कार समेत ओपी क्षेत्र के नयामोड़-आरा हीरक मार्ग स्थित नये पेट्रोल पंप के समीप तालाब से गुरुवार को कुजू पुलिस ने बरामद किया। मौके पर मौजूद कुजू पुलिस के अनुसार सीसीएल कुजू कोलियरी में बिजली मिस्त्री सह बड़गांव निवासी मंशु साव (55 वर्ष) विगत 16 अगस्त को डयूटी करने के बाद रात्रि करीब 11 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी सड़क हादसे का शिकार होकर कार समेत पास के तालाब में जा गिरे। तालाब में लबालब पानी भरे रहने के कारण किसी को इसकी भनक नहीं लगी। पिछले पांच दिनों से मंशु साव का शव कार में ही फंसा रहा। मंशु के मोबाइल का आखिरी लोकेशन पेट्रोल पंप के पास ही था। परिजनों और पुलिस द्वारा बुधवार की देर शाम तालाब में सर्च अभियान चलाया गया। दूसरे दिन गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे मंशु साव का एक रिश्तेदार तालाब के अंदर प्रवेश कर एक कार होने की पुष्टि की। उसके बाद ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह की देखरेख में क्रेन मशीन द्वारा कार निकालने प्रक्रिया शुरू की गयी। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

## रजरप्पा में कोयला तस्करी और जब्त हाइवा मामला

# सीसीएल प्रबंधन के आरोप का पुलिस ने दिया जवाब

**■ जीएम की भूमिका संदिग्ध है, कोई सूचना नहीं दी : थाना प्रभारी**

**■ थाना प्रभारी को फोन किया नहीं की कोई कार्रवाई : जीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रजरप्पा में कोयला तस्करी के विरुद्ध में सीसीएल प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मामले में रजरप्पा जीएम और रजरप्पा थाना प्रभारी आमने-सामने हो गए हैं। एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया है। जीएम ने सूचना देने के बावजूद थाना प्रभारी पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। वहीं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जीएम की भूमिका को ही संदिग्ध बता दिया है, बरहाल मामला जो भी हो दो विभागों की लड़ाई में कोयला तस्कर खूब चाँदी काटा रहा है। वह अपने मंसूबे में कामयाब भी हो गए और अपनी हाईवा और थार को भगाने में कामयाब भी हो गया। क्योंकि अब तक मामले में कोई भी वाहन की जब्ती नहीं हुई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीसीएल प्रबंधन और पुलिस कोयला तस्करों के विरुद्ध कितनी सख्त है।





### रजरप्पा थाना प्रभारी ने रखा अपना पक्ष

पूरे प्रकरण पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि उन्हें छापामारी की कोई सूचना नहीं मिली थी। सीसीएल प्रबंधन बेवजह का आरोप लगा रही है। अगर उन्होंने अवैध कोयला से लदे हाइवा को जब्त किया था, तो उसे छोड़कर क्यों चले गए। मामले में आरोप लगाने से पहले उन्होंने हमारे सीनियर अधिकारियों से छापेमारी की सूचना क्यों नहीं दी। कृष्ण कुमार ने स्पष्ट कहा कि पूरे प्रकरण में जीएम की भूमिका संदिग्ध है। अगर उनकी कार्रवाई सही था तो उनके पास मेरी गश्ती दल का मोबाइल नंबर रोजाना अपडेट होता है। इसके बावजूद गश्ती दल को फ़ोन नहीं किया गया। जिसे समझा जा सकता है कि जीएम की कार्रवाई में कितनी सच्चाई और ईमानदार था।

### क्या बोले जीएम

पुलिस के आरोप पर जीएम कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि सुबह 4:30 बजे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को हमने फोन किया। इसके बावजूद उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं किया। पुलिस ने हमारा आवेदन उस वक्त तक नहीं लिया जब तक कोयला तस्कर अपने वाहनों को सुरक्षित नहीं निकाल कर चले गए। अबजब कोयला तस्कर वाहन लेकर भाग गए तब पुलिस सीसीएल प्रबंधन पर ही मनगढ़ंत कहानी बनाकर आरोप लगा रही है। ऐसे में सीसीएल प्रबंधन कोई भी कार्रवाई कैसे करेगी। पुलिस किसी भी मामले में सीसीएल को सपोर्ट नहीं करती है। इसके पहले भी पुलिस को कई बार आवेदन दी गई है। परंतु पुलिस की कार्रवाई नकारात्मक ही रही है। जब पुलिस को सूचना देने के बाद भी हम पर ही आरोप लगा रहे हैं। तो ऐसे में कोई कैसे कार्रवाई करेगा।

## सीसीएल प्रबंधन का आरोप बेबुनियाद, मामला सत्य से परे: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ पुलिस ने प्रेस बयान में लिखा है कि समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित की जा रही है कि रजरप्पा प्रक्षेत्र के सीसीएल के जीएम कल्याणजी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम ने सोमवार 18 अगस्त की रात अवैध कोयला लदा पांच हाइवा पकड़ा। जीएम के नेतृत्व में सीसीएल के अधिकारी और कर्मचारी अवैध कोयला तस्करों पर कार्रवाई कर रहे थे, इस दौरान काले रंग का महिंद्रा थार (वाहन सं0-0013) पर सवार लोगों ने छापामारी टीम पर हमला किया, जिस वाहन पर छापामारी टीम सवार थे। उक्त वाहन (Toyota Glanza, No JH01DN-3303) का शीशा तोड़ा और हाइवा को भगाकर ले गये।

**जीएम ने लगाया बेबुनियाद आरोप** : महाप्रबंधक द्वारा रजरप्पा थाना पर निम्न बेबुनियाद आरोप लगाया गया है। जिसमें कहा है कि रजरप्पा थाना पुलिस को सूचना देने के बावजूद रात में कोई नहीं पहुंचा, प्राथमिकी दर्ज करने में आना-कानी करने का आरोप लगाया। रजरप्पा थाना पुलिस का तस्करों को सहयोग की बात कहीं गई एवं रजरप्पा थाना के कुछ कर्मियों द्वारा इन्हें धमकाया जा रहा है जैसा आरोप लगाया गया है जो सत्य से परे है।

### एसपी ने पूरे प्रकरण की करायी जांच

### एसडीपीओ की जांच में सामने आये तथ्य

पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा परमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ को उक्त मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा जांच के क्रम में मुख्य रूप से निम्न बातें प्रकाश में आयी है। जांच में पाया कि रजरप्पा थाना के द्वारा प्रत्येक दिन रात्रि गश्ती में जाने वाले पुलिस पदाधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर सीसीएल के क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी श्याम सुंदर रवानी को व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। घटना के दिन भी रात्रि गश्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नंबर सीसीएल रजरप्पा के क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी श्याम सुंदर रवानी को व्हाट्सएप पर भेजा गया था, परंतु उनके द्वारा अवैध कोयला के छापामारी करने के पूर्व या बाद में कोई भी सूचना गश्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी को नहीं दिया गया। यद्यपि सीसीएल प्रबंधन के पास संसाधानों की कमी नहीं है फिर भी कोयला लदा वाहन पकड़े जाने के बाद वाहन को रजरप्पा थाना या सुरक्षित स्थान पर न ही ले जाया गया और न ही सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई। इस संबंध में गश्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी या किसी भी वरीय पुलिस पदाधिकारी को इसकी कोई भी सूचना नहीं दी गयी केवल मीडिया के माध्यम से लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य किया गया है। कथित अवैध कोयला डीपों के बारे में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा ही बताया गया कि वन क्षेत्र अन्तर्गत पड़ता है, परंतु इसकी सूचना वन विभाग को ससमय नहीं दिया गया। वन विभाग को सूचना 19 अगस्त को विलम्ब से दिया गया। श्याम सुन्दर रवानी, क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी के द्वारा रजरप्पा थाना पुलिस को लिखित में सूचना काफी विलंब से दिया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी, रजरप्पा द्वारा कांड दर्ज कर अनुसंधान एवं छापामारी की जा रही है। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है कि 3 हाइवा को पकड़कर रखा गया है, किंतु प्राथमिकी दर्ज के समय जब्त प्रदर्श के तौर पर कोई भी हाइवा रजरप्पा थाना को सुपुर्द नहीं किया गया है, जो सीसीएल की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है कि वह जब्त 3 हाइवा वाहन सीसीएल द्वारा कैसे छोड़ा गया।

## कैटिगरी 2 के बालूघाटों के ई नीलामी के लिए डीसी ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला अंतर्गत कैटिगरी 2 के बालूघाटों के ई नीलामी के लिए गुरुवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक कर कई निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया गया कि झारखण्ड बालू खनन नियमावली, 2025 झारखण्ड राज्य अंतर्गत स्थित संबंधित जिलों के ज़िला सर्वेक्षण रिपोर्ट (रेत) में उल्लिखित सभी बालू धारित भूमि/नदियों के लिए लागू है। उक्त नियमावली के अनुसार बिना वैध खनन पट्टा प्राप्त किये बालू खनिज का उत्खनन करना प्रतिबंधित है। साथ ही किसी व्यक्ति को राज्य में कुल 1000 हेक्टेयर से अधिक भूमि क्षेत्र पर बालू खनन पट्टा प्रदान नहीं किया जाएगा। मौके पर डीसी ने नियम अनुसार नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर सभी के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न, उपायुक्त ने दिये सख्त निर्देश



चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की सभी इकाइयों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में गुणवत्ता लाने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए तथा लापरवाही पाए जाने पर कड़ी फटकार भी लगायी। बैठक में सबसे पहले सावित्री बाई फुले योजना की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस योजना के तहत पात्र छात्राओं का नाम ई-विद्यावहिनी पोर्टल पर एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से दर्ज कर लिया जाये। इसी तरह, जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 नामांकन परीक्षा में अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी बिनोद कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कोयला तस्करी के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# जनिया मारा जंगल से जब्त किया 10 ट्रैक्टर कोयला, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रजरप्पा थाना क्षेत्र के जंगल में तस्करों पर सीसीएल की कार्रवाई के बाद अब वन विभाग भी सख्ती से पेश आ रहा है। डीएफओ नीतीश कुमार ने जनिया मारा जंगल से 10 ट्रैक्टर अवैध कोयला जब्त किया है। वन विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में सीसीएल के अधिकारियों से मिली सूचना के आधार पर तस्करों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सबसे पहले उन सभी तस्करों की पहचान की जा रही है, जो इस अवैध कारोबार में शामिल थे। उन गाड़ियों की भी पहचान हो रही है, जिसके नंबर सीसीएल के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराया गया था। डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान जिन गाड़ियों के बारे में सीसीएल से अवैध कारोबार होने की सूचना मिली थी, वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे, लेकिन जंगल में कोयल का अवैध भंडारण करने के पूरे सबूत मिले हैं। जंगल में एक जगह पर भारी मात्रा में अवैध कोयले का भंडार भी मिला था। यहां तक कि वहां अवैध मुहाने भी खुले हुए थे। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

### जंगल में बनाये गये अवैध रास्ते को वन विभाग ने काटा

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि रजरप्पा थाना क्षेत्र के जंगल में कोयला तस्करों के द्वारा अवैध तरीके से रास्ता भी बनाया गया था। उसी रास्ते से तस्कर ट्रैक्टर से कोयला लाते थे। साथ ही जिस जगह पर भंडारण किया जा रहा था, वहां हाइवा ट्रक जाने का भी रास्ता बनाया गया था। उन सभी अवैध रास्तों को काट दिया गया है, ताकि तस्करों के अवैध कारोबार को रोका जा सके।

## टंडवा पुलिस ने दो चोरों को भेजा जेल



टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बिंगलात में बंद एचपी पेट्रोल पंप के कार्यालय से चोरी की घटना को टंडवा पुलिस ने उद्भेदन करते हुए बुधवार को दो चोरों सुखदेव और आशिष को चतरा जेल भेज दिया गया। दीपक कुमार के आवेदन के आधार पर वादी के एचपी काशवी पेट्रौल पंप बिंगताल से कार्यालय का ताला तोड कर सामान चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। बुधवार को छापामारी के क्रम में वादी के बिंगलात स्थित पेट्रोल से दो लडको को संदिग्ध अवस्था में पकडा गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार की। चोरी का सामान अभियुक्त आशीष पासवान एवं सुखदेव कुमार के घर ग्राम पचडा, थाना केरेडारी, जिला हजराबीग से बरामद किया गया। दोनो अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का पहचान सुखदेव कुमार (18 वर्ष), आशिष कुमार पासवान (19 वर्ष), ग्राम पचडा, केरेडारी के निवासी है।

## मंगल पाठ में 500 दादी भक्त शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर के भव्य प्रांगण में 19वें भादो अमावस्या महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। दूसरे दिन गुरुवार को मंगल पाठ प्रारंभ होने से पूर्व भगवान श्री गणेश की पूजा कराई गई। इसके यजमान अजीत अग्रवाल सपत्नीक एकता अग्रवाल शामिल हुई। इसके बाद दादी जी का मंगल पाठ प्रारंभ हुआ। मंगल पाठ को करने के लिए वाराणसी की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचिक पायल अग्रवाल को उनकी टीम के साथ आमंत्रित किया गया था। श्री रानी सती मंगल समिति की सदस्यों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गयी। महोत्सव में पूर्व विधायक सुनीता चौधरी भी दादीजी के मंगल पाठ में शामिल हुई। इस मंगल पाठ में 500 से ज्यादा दादी भक्त शामिल हुई। महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ मंगल पाठ का समापन किया गया। **मंगल पाठ में शामिल हुई श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्य** : महोत्सव में शामिल होने वाली श्री रानी सती महिला मंगल समिति के सदस्यों में मंजू अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, संगीता बुधिया, सीमा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सीमा मोदी, अनीता शर्मा, शशि जैन, शीला जैन, तरुण मित्तल, संजना अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रीति जैन, बुलबुल अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नैना मेवाड़, मनीषा अग्रवाल, सृष्टि अगरवाल, मीनू अग्रवाल शामिल हुई।

**इनका रहा योगदान** : महोत्सव को सफल बनाने में श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के सदस्यों में बजरंग लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, कमल सिंघानिया, सुभाष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अभिषेक सिंघानिया, प्रमोद मोदी, कृष्ण अग्रवाल, विकास केडिया, इंदिरा अग्रवाल आदि का योगदान रहा।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 4122 Dated 03.07.2025 I, SHIWANI KUMARI D/o Manmohan Singh, resident of Jarangdih Chip quarter, P.S. Bokaro Thermal, District Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and state as follows :- 1. That, I am aged about 21 years. 2. That, my Aadhar No. is 9427 3942 1748. 3. That, in my Aadhar card my name has been mentioned as SHIWANI KUMARI. 4. That, in my Bank account Bank of India, Kathara Branch vide A/C No.479318210004751 my name has been mentioned as SHIWANI KUMARI SINGH.

5. That, SHIWANI KUMARI and SHIWANI KUMARI SINGH is the same and one person i.e. myself. 6. That, I am swearing this affidavit for correction my name in bank account SHIWANI KUMARI in place of SHIWANI KUMARI SINGH. 7. That, all the statements are correct and true, if found false in future then I shall be punish according to law.

## बेदखलनामा





शपथ पत्र संख्या 2023. दिनांक 19.08.2025 के अनुसार, हमलोग **1. बासुदेव बेदिया पिता स्व० बुधन बेदिया,** जन्म तिथि 15/08/1967. पेशा नौकरी, **2. गीता देवी पति बासुदेव बेदिया** दोनो धर्म हिन्दु, राष्ट्रीयता भारतीय निवास स्थान ग्राम -हेसला करमाली टोला शिव मंदिर, पो०- हेसला, थाना-रामगढ़, जिला रामगढ (झारखण्ड) शपथपूर्वक घोषणा करते हैं कि :-

1. यह कि, मैं सी०सी०एल० करमा प्रोजेक्ट में Cat- VI Shawel Operator के पद पर कार्यरत हूँ। मेरा CMPF No- RMG/41-85 है। 2. यह कि, स्व० सरला देवी मेरी पत्नी थी जिनकी मृत्यु दिनांक 20/10/2011 ई० हो गई है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजी० सं० 19/12 पंजी० दिनांक 03/10/2012 है। जिससे दो बच्चा 1. प्रकाश बेदिया उम्र 24 वर्ष 2. नन्दनी कुमारी उम्र 16 वर्ष है। जो अविवाहित है तथा मेरे साथ रह रही है। 3. यह कि मेरी पत्नी के मृत्यु के पश्चात मैंने गीता देवी से वर्ष 2012 में दूसरी शादी किया हूँ। जिससे एक पुत्री तारा कुमारी उम्र 12 वर्ष है। जो मेरे साथ रह रही है। 4. यह कि, मैं सी०सी०एल० में कार्यरत हूँ तथा मेरी नौकरी दो वर्ष बची हुआ है। मैं अपने वेतन से अपने परिवार का भरण-पोषण एवं देख भाल करता हूँ। 5. यह कि, मेरा बड़ा पुत्र प्रकाश बेदिया का जन्म तिथि दिनांक 10/02/2001 है जो अब बालिग है तथा अपने इच्छा गैरजातीय से शादी कर लिया है, इसमें मेरा कोई सहभागीता नहीं रहा। 6. यह कि मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया मेरा और मेरी पत्नी गीता देवी का मान सम्मान व इज्जत कभी नहीं करता है तथा मेरे साथ गाली-ग्लौज और मारपीट करता है। 7. यह कि, मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया घर के किसी भी सदस्य का इज्जत नहीं करता है और न ही मेरा कहना मानता है। 8. यह कि, मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया गलत संगत में है। जो मेरा नौकरी हडपने के लिए मेरे साथ कई बार जानलेवा हमला भी कर चुका है। 9. यह कि, मैं आज दिनांक 19/08/2025 को अपना पुत्र प्रकाश बेदिया को अपनी सारी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। 10. यह कि, मेरा सी०सी०एल० के सर्विस सीट में भी मेरा बड़ा पुत्र प्रकाश बेदिया का नाम है जिससे भी हटाया जाय। 11. यह कि, मेरा खतियानी जमीन हेसला में है जो कि मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया किसी अन्य के बहकावे में आकार व्यय बिक्री कर सकता है उसे भी मैं बेदखल करता हूँ।

12. यह कि, मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया के साथ मेरा व मेरे परिवार का भविष्य में किसी प्रकार कोई संबंध नहीं रहेगा। 13. यह कि, मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया यदि किसी प्रकार का गलत काम करता है तो इसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा जिसकी जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार की नहीं होगी।

14. यह कि मुझे आशंका है कि मेरा पुत्र प्रकाश बेदिया मेरी नौकरी हडपने के लिए कभी भी मुझे जान से मार सकता है। 15. यह कि, यह घोषणा पत्र मेरा पुत्र से सारे संबंध विच्छेद हेतु तैयार किया हूँ जो सत्य एवं सही है।

16. यह कि, यह घोषण पत्र मैं आज दिनांक 19/08/2025 ई० को अच्छी तरह से पढ़ वो पढ़वाकर, समझ बुझकर बिना किसी भय या दबाव के मन की शुद्धता के साथ हस्ताक्षर बना कर निष्पादन कर दिये जो समय पर काम आवें वो सनद रहें।

## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) सीकेपी-डी-659-डिपो मैनिंग, दिनांक 20.08.2025;** दो वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न ओएचई/पीएसआई डिपो के नॉन-कोर ट्रैक्शन सम्पत्तियों (17 अदद) की मैनिंग/अनुरक्षण के साथ टावर वैगनों/कारों की मैनिंग; रु. 2,57,53,903.68; रु. 2,78,800; **(2) सीकेपी-डी-641-वीईएच-एडीईई/बीएनडीएम/2025, दिनांक 20.08.2025;** सहायक मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/बंडामुंडा के लिए एक अदद डीजल संचालित गैर-वातानुकूलित चार पहिया सड़क वाहन (महिन्द्रा स्कॉर्पियो अथवा समकक्ष वाहन) दो वर्षों के लिए किराए पर लेना; रु. 11,98,005.36; रु. 24,000; **(3) सीकेपी-डी-656-टीएसएस-ऑपरेशन, दिनांक 20.08.2025;** दो वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल के मानीकुई, केन्दपोसी, बड़ा जामदा, बांशपानी, गोइलकेरा, चक्रधरपुर, सलगा झरी, राजखरसावाँ, भालुलता, बामड़ा, राजगांगपुर, चांदीपोसी, नूआगाँव, चाईबासा, केचोबहाल, आरएसपी (राउरकेला), गारपोस, धुतरा, मनोहरपुर, राइरंगपुर तथा बिमलागढ़ में रेलवे के स्वामित्व वाले ट्रैक्शन सब स्टेशनों (21 अदद) के संचालन के लिए मैनिंग/आउटसोर्सिंग; रु. 4,12,89,685.92; रु. 3,56,500; **(4) सीकेपी-डी-639-सीटीआर-टाटा, दिनांक 20.08.2025;** चक्रधरपुर मंडल में सहायक मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न सेक्शनों में थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (प्राइमरी) टीएसआर(पी), कम्प्लीट ट्रैक रिन्यूअल सेकेंडरी सीटीआर (एस), थ्रू रेल रिन्यूअल प्राइमरी टीआरआर(पी), थ्रू रेल रिन्यूअल सेकेंडरी टीआरआर(एस), कम्प्लीट ट्रैक रिन्यूअल प्राइमरी सीटीआर (पी) के संबंध में विद्युतीय (टीआरडी-ओएचई) कार्य; रु. 98,75,335.16; रु. 1,97,500; **समापन अवधि:** क्रमांक 1 से 3 के लिए 24 महीने तथा क्रमांक 4 के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 11.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 11.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** प्रत्येक के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे। ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-548)**

# भारत और चीन राइट ट्रैक पर

चीन के विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में नई सहजता देखने को मिल रही है। भारत के नजरिये से यह बेहद अहम है कि चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स और फर्टिलाइजर्स के निर्यात पर लगायी बंदिशों में छूट देने पर हामी भर दी है। इन दोनों ही चीजों के लिए देश आयात पर निर्भर करता है। व्यापार के लिए सीमा के कुछ रास्ते खोलने का फैसला भी स्वागत योग्य है। वांग यी ऐसे वक्त में भारत आये, जब पूरी दुनिया में समीकरण तेजी से बन-बिगड़ रहे हैं। दोनों देशों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का असर पड़ा है और इसी वजह से उम्मीद भी थी कि इस दौरे से कुछ सकारात्मक हासिल हो सकता है। रेयर अर्थ मिनरल्स आज की टेक्नोलॉजी की जरूरत हैं और इन पर लगभग पूरी तरह से चीन का कब्जा है। दुनिया की जरूरत की 90% सप्लाई चीन से आती है। इसमें भी 60% वह खुद प्रोड्यूस करता है। भारत भी अपनी जरूरत के लगभग 80% रेयर अर्थ के लिए चीन पर निर्भर है। इस साल अप्रैल में पेइचिंग ने अमेरिकी नीतियों के विरोध में रेयर अर्थ एलिमेंट्स के निर्यात पर कड़ाई कर दी थी। इससे पूरी दुनिया में ऑटोमोटिव और डिफेंस सेक्टर पर असर पड़ा। भारत भी इससे प्रभावित हुआ। इसी तरह, फर्टिलाइजर्स के मामले में भी चीन पर निर्भरता बहुत ज्यादा है। 2024-25 में देश ने कुल आयात का 19.17% डाई-अमोनियम फास्फेट (डीएपी) चीन से मंगाया था। भारतीय किसान यूरिया के बाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल इसी खाद का करते हैं। इस दौरे की अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की चिंताओं को समझा। जिन मुद्दों को लेकर हाल में आशंकाएं उठी हैं, उन पर खुल कर चर्चा हुई। भारत ने आतंकवाद और ब्रह्मपुत्र पर बन रहे बांध का मामला उठाया। वहीं, ताइवान पर चीन को आश्वस्त किया कि उसकी वन चाइना पॉलिसी बदली नहीं है। बाकी दुनिया की तरह उसके भी ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंध हैं। भारत और चीन का रिश्ता ऐसा है, जिसके एकदम से गर्मजोशी से भर जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। दोनों के बीच सीमा विवाद का पुराना इतिहास है, बॉर्डर पर अब भी भारी संख्या में सैनिक आमने-सामने हैं, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मसला भी है। अच्छी बात यह है कि दोनों देशों में संवाद जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी 31 तारीख को चीन जाना है। एससीओ समिट से इतर उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी होगी, तब एक बड़ा मौका होगा, जहां दोनों पड़ोसी आपसी सहयोग को नयी दिशा दे सकते हैं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी 31 तारीख को चीन जाना है। एससीओ समिट से इतर उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी होगी, तब एक बड़ा मौका होगा, जहां दोनों पड़ोसी आपसी सहयोग को नयी दिशा दे सकते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आइटी. 2.0 देश के हर कोने में तेज, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-केंद्रित डाक और वित्तीय सेवाएँ लाता है, जो समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति भारतीय डाक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आइटी आधुनिकीकरण परियोजना 1.0 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में लॉन्च किया गया उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) प्लेटफॉर्म एक माइक्रोसर्विस-आधारित एप्लिकेशन प्रस्तुत करता है जो तेज, अधिक विश्वसनीय और उपयोगकर्ता-अनुकूल, नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है।**

# आइटी. 2.0 का शुभारंभ-उन्नत डाक प्रौद्योगिकी

पीआइबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पना और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के मार्गदर्शन में डाक विभाग (डीओपी) ने आइटी. 2.0 - उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह ऐतिहासिक डिजिटल उन्नयन, विभाग के 1.65 लाख डाकघरों में से प्रत्येक के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो भारत सरकार के डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आइटी. 2.0 देश के हर कोने में तेज, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-केंद्रित डाक और वित्तीय सेवाएँ लाता है, जो समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति भारतीय डाक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

आइटी आधुनिकीकरण परियोजना 1.0 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में लॉन्च किया गया उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) प्लेटफॉर्म एक माइक्रोसर्विस-आधारित एप्लिकेशन प्रस्तुत करता है जो तेज, अधिक विश्वसनीय और उपयोगकर्ता-अनुकूल, नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र (सीइपीटी) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित, यह एप्लिकेशन भारत सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया गया है और बीएसएनएल की राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी द्वारा समर्थित है।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक सेवाओं के एक नए डिजिटल युग की शुरुआत की।**

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया कहते हैं कि एपीटी भारतीय डाक को एक विश्वस्तरीय सार्वजनिक लॉजिस्टिक्स संगठन में परिवर्तित कर देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, यह पूरी ताकत के साथ आत्मनिर्भर भारत है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर डिजिटल इंडिया का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

एपीटी की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं: 1. माइक्रो-सर्विसेज, ओपन एपीआई आधारित आर्किटेक्चर। 2. एकल, एकीकृत यूजर इंटरफेस। 3. क्लाउड-रेडी परिनियोजन। 4. बुकिंग से डिलीवरी तक संपूर्ण डिजिटल समाधान। 5. अगली पीढ़ी की कार्यक्षमता - क्यूआर-कोड भुगतान, ओटीपी आधारित डिलीवरी, आदि। 6. ओपन नेटवर्क सिस्टम - ग्रामीण क्षेत्रों में भी विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना। 7. डिलीवरी की सटीकता बढ़ाने के लिए 10-अंकीय अल्फान्यूमेरिक डीआइजीआइपीआइएन। 8. बेहतर रिपोर्टिंग और विश्लेषण।

यह रोलआउट चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। कर्नाटक डाक परिमंडल (मई-जून 2025) में एक सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद सिस्टम और रणनीति को और बेहतर बनाने के लिए लर्निंग्स को शामिल किया गया। परिमंडल में 08/07/2025 से 04/08/2025 तक सावधानीपूर्वक चरणबद्ध राष्ट्रव्यापी रोलआउट किया गया।

मई-जून 2025 के महीने में कर्नाटक डाक परिमंडल में एक सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद, इस योजना को चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से लागू किया गया। प्रमुख समस्याओं की पहचान की गयी और प्रणाली व रणनीति को बेहतर बनाने के लिए लर्निंग्स को शामिल किया गया। इसके बाद, झारखंड डाक परिमंडल में 08/07/2025 से 22/07/2025 तक एक सावधानीपूर्वक चरणबद्ध तरीके से योजना को लागू किया गया। 4 अगस्त 2025 को सभी 23 डाक परिमंडलों में इसकी शुरूआत हुई, जिसमें 1.70 लाख से ज्यादा कार्यालय, जिनमें सभी डाकघर, डाक कार्यालय और प्रशासनिक इकाइयां शामिल हैं, जो एपीटी पर लाइव हैं।

यह समझते हुए कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन की सफलता उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती है, भारतीय डाक ने प्रशिक्षण - पुनःप्रशिक्षण - नवीनीकरण के सिद्धांत के तहत मास्टर प्रशिक्षकों, उपयोगकर्ता चैंपियनों और अंतिम उपयोगकताओं को शामिल करते हुए एक कैस्केड मॉडल के माध्यम से 4.6 लाख से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। इससे हर स्तर पर तैयारी सुनिश्चित हुई और पूरे देश में इसे आसानी से अपनाया गया।

इस प्रणाली ने पहले ही अपने स्थायित्व और मापनीयता का प्रदर्शन किया है तथा एक ही दिन में 32 लाख से अधिक बुकिंग और 37 लाख डिलीवरी सफलतापूर्वक संभाली है।

आइटी 2.0 के पूरा होने के साथ, भारतीय डाक एक आधुनिक, तकनीक-संचालित सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करता है, साथ ही अपने विश्वास और बेजोड़ पहुंच की विरासत को भी कायम रखता है। एपीटी की सफलता भारतीय डाक के कार्यबल के समर्पण और ग्रामीण-शहरी डिजिटल खाई को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



आइटी 2.0 के पूरा होने के साथ भारतीय डाक एक आधुनिक, तकनीक-संचालित सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करता है। साथ ही अपने विश्वास और बेजोड़ पहुंच की विरासत को भी कायम रखता है। एपीटी की सफलता भारतीय डाक के कार्यबल के समर्पण और ग्रामीण-शहरी डिजिटल खाई को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## कोल्हान की खबरें

### घाटशिला में खरीफ कार्यशाला में किसानों को योजनाओं की दी गयी जानकारी




घाटशिला (आजाद सिपाही)। आत्मा कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया।गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू सहित जनसेवक, एटीएम, बीटीएम, कृषक मित्र सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा किसान समृद्ध होगा, तो देश समृद्ध होगा। सरकार किसानों को अनुदान देकर प्रोत्साहित कर रही है।इसलिए किसानों को योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी अमर पांडेय ने कार्यशाला में केसीसी, फसल बीमा, किसान समृद्धि योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया प्रखंड में जल्द ही डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जाएगा। इस अवसर पर सुनील खेरवार, ब्रजेश कुमार सिंह, शशिकला महतो, मंगल टुडू, मानिक सोलंकी, बादल टुडू, रामलाल हेमब्रम समेत कई लोग मौजूद रहे।06

### बिरसानगर में दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिरसानगर जोन नंबर-3 स्थित सरकारी कुआं मैदान में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी की ओर से आगामी दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया।गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा साहू,विशिष्ट अतिथि केंद्रीय पूजा कमेटी के महासचिव आशुतोष सिंह सहित स्थानीय लोग शामिल हुए। पुरोहित के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ अतिथियों की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न कराया गया।मौके पर महासचिव आशुतोष सिंह ने बताया इस वर्ष पूजा पंडाल का निर्माण कार्य बंगाल से आए कारीगरों द्वारा किया जाएगा। ढोलकपुर की थीम पर पंडाल का निर्माण किया जाएगा।मौके पर जितेंद्र मिश्रा, सजल दत्ता, रंजीत शर्मा, राखाल चंद्र प्रधान, कृष्णा नायक, खोकन मजूमदार, परिमल दत्ता, नवीन मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश साहू, महावीर गोराई, शुभम मिश्रा, संध्या रानी महतो, तापस दास, कृष्ण प्रमाणिक सहित बड़ी संख्या में कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# हथियार सप्लायर सहित दो आरोपी गिरफ्तार देसी पिस्टल, मैगजीन और जिंदा गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जमशेदपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बागबेड़ा से एक आर्म्स पेडलर और उसके खरीदार को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल,मैगजीन और एक जिंदा गोली बरामद कर लिया।गिरफ्तार अपराधियों में कीताडीह ग्वाला बस्ती निवासी विष्णु सिंह उर्फ अंडा और बागबेड़ा गांधी नगर निवासी बादशाह खान उर्फ राजा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विष्णु सिंह बिहार से पिस्टल लाकर जमशेदपुर में बेचता था। उन्होंने हाल ही में बादशाह खान को 5000 रुपये में एक पिस्टल सप्लाई की थी।

गुरुवार को जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी के नेतृत में टीम का गठन कर बुधवार देर रात रेलवे हाई स्कूल मैदान के पास छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया।प्रारंभिक पूछताछ में पता चला दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों का मेडिकल जांच कराने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया बादशाह खान जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ बागबेड़ा थाना में चोरी, लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट से जुड़े 11 मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा विष्णु उर्फ अंडा बिहार में किन स्रोतों से हथियार खरीदकर लाता था उसके लिए पुछतास की जाएगी। सिटी एसपी ने बताया जमशेदपुर पुलिस अवैध हथियारों सप्लायरों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। अब तक 80 से अधिक अवैध हथियार जब्त किए जा चुके हैं।



# गालुडीह : महुलिया मैदान में शिबू सोरेन और रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** गालुडीह के महुलिया आंचलिक फुटबॉल मैदान में झामुमो पंचायत कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा में झारखंड के निमार्ता सह पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मौके पर झामुमो नेताओं, कार्यकर्ताओ, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू ने दोनों नेताओं की जीवनी और योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कामना की।साथ ही उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का शपथ ली। इस अवसर पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष परीक्षित दत्ता, सचिव सचिन सरकार, पूर्व अध्यक्ष वकील हेंब्रम, समाजसेवी डॉ. सपन महतो, पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और महुलिया आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।



### साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान निशान सिंह ने गुरुवार को घोड़ाबांधा स्थित आवास में दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी।मौके पर उन्होंने पुत्र सोमेश सोरेन व उनकी पत्नी से मिलकर ढांढ़स बंधाया और कहा रामदास सोरेन का सिख समुदाय से गहरा जुड़ाव था। इस अवसर पर अजायब सिंह, सतनाम सिंह घुम्मण, त्रिलोचन सिंह तोची, हरजीत सिंह मोनू, सतबीर सिंह गोल्डू, सतपाल सिंह राजू, बलबीर सिंह, मनोहर सिंह मिते, दलजीत सिंह और सुरजीत सिंह शित्ते शामिल रहे।

### एसएसपी कार्यालय के बाहर दो आरोपी पुलिस जीप से कूद कर फरार, एक धराया



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। एसएसपी कार्यालय परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चोरी के मामले में पकड़े गए दो आरोपी पुलिस जीप से कूदकर फरार हो गये। दोनों आरोपियों पर टाटा स्टील कंपनी परिसर से चोरी करने का आरोप है। हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई। बिष्टुपुर पुलिस दोनों आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया में फिंगरप्रिंट की औपचारिकता पूरी करने के लिए एसएसपी कार्यालय ला रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने हाथ में बंधी रस्सी काटकर पुलिस को चकमा देते हुए जीप से कूदकर भाग निकले। घटना के बाद पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। जवान तुरंत आरोपियों के पीछे दौड़े और एक को दबोच लिया, लेकिन दूसरा आरोपी मौका देख भाग निकला।

### रेलवे मेंस यूनियन की दो अहम गतिविधियां, अस्पताल निरीक्षण-स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। रेलवे मेंस यूनियन ने टाटानगर रेलवे अस्पताल का दौरा किया गया। गुरुवार को दौरा के दौरान नए निर्माण कार्य, बेड की व्यवस्था, टॉयलेट की स्वच्छता, मेस की गुणवत्ता और मरीजों को मिलने वाले भोजन की जांच की। निरीक्षण में सीएमएस की सक्रिय भूमिका रही। यूनियन नेता जवाहर लाल के नेतृत्व में एस.एन. शिव कुमार, संजय सिंह, नीतीश कुमार, एम.पी. गुप्ता समेत कई सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे।वही यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल चक्रधरपुर मंडल के मुख्य चिकित्सक डॉ. मिश्रा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बंडामुंडा, राउरकेला, झारसुगुडा और करमपदा समेत आसपास के रेल कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा की। यूनियन ने अपोलो अस्पताल के साथ शीघ्र टाईअप के लिए मांग रखी। जिस पर डॉ. मिश्रा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया।डॉ. मिश्रा ने बताया 22 अगस्त को करमपदा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। मौके पर मंडल संयोजक एमके सिंह, एआर राय, आर.के. तिवारी, प्रेम कुमार मल, शेखर कुमार, सनातन बिंदानी और केटी राव मौजूद रहे।

### टाटानगर स्टेशन के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक शंकर झा बने सहायक वाणिज्य प्रबंधक



जमशेदपुर। टाटानगर स्टेशन के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक शंकर कुमार झा ने विभागीय प्रमोशन परीक्षा में सफलता पाकर सहायक वाणिज्य प्रबंधक के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। 4 जून को रांची में आयोजित परीक्षा के परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए।शंकर झा के साथ चक्रधरपुर डिवीजन के जगन्नाथ हेम्ब्रम, तपन कुमार मंडल, आकाश मूखी, आद्रा डिवीजन के अभिजीत विश्वास और हटिया के हिमांशू शेखर भी सफल हुए।शंकर झा की इस उपलब्धि से टाटानगर स्टेशन का गौरव बढ़ा है। रेलवे अधिकारियों व सहकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए भरोसा जताया वे नई जिम्मेदारी में रेलवे सेवाओं को और बेहतर बनायेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in
07

## बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीधे इसरो से महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जायेंगी



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा जगत में एक नयी उपलब्धि हासिल की है। अब बिरला स्कूल इसरो से जुड़ गया है। आगामी 29 अगस्त से विद्यालय के कक्षा 2 से लेकर कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों को अब सीधे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जायेगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को वैज्ञानिक सोच, अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक के प्रति प्रेरित करना है। यह जानकारी विद्यालय के प्रिंसिपल रवीश कुमार ने दी। वे गुरुवार को विद्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अवसर बच्चों के लिये बेहद अनोखा और प्रेरणादायी है। प्रिंसिपल श्री कुमार ने कहा कि इसरो से जुड़ी जानकारी मिलने से न केवल बच्चों की जिज्ञासा बढ़ेगी, बल्कि वे भविष्य में विज्ञान और अनुसंधान की दिशा में अपनी मजबूत नींव तैयार कर पायेंगे। प्रिंसिपल ने कहा कि फिलहाल स्कूल के हेड जोन मुंबई से आई शिक्षा विशेषज्ञों की टीम के द्वारा स्कूल के शिक्षकों को पिछले चार दिनों से ट्रेनिंग दी गयी है। इस मौके पर ट्रेनर अभिषेक कुमार ने भी इससे संबंधित कई जानकारी दी।

## 18 सदस्यीय गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम हजारीबाग रवाना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में शुक्रवार से आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 18 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि संघ की ओर से समर कैंप और अंतर स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला से सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं निकल रहे हैं बल्कि अंपायर भी निकल रहे हैं और इस बार प्रतियोगिता में अंपायर कि भूमिका के लिए जिले से आशुतोष कुमार दुबे एवं आयुषी कुमारी पांडेय का चयन किया गया है। 18 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, उज्जवल कुमार, कार्तिक पाल, नितीश मेहता, हर्षित पांडेय, अंजली कुमारी, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी, आयुषी पांडेय, मयंक राज, अभिजीत यादव, रोहन पाल, रिद्धि सिंह, अनिल मेहता, अनुराग पासवान, आनंद पासवान, रिशु तिवारी को शामिल किया गया है।

## पंचायत सचिवालय से सीएसपी संचालक की बाइक चोरी



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बाना पंचायत सचिवालय में आधार कैंप में काम करने गए रेजो गांव के सीएसपी संचालक आशीष कुमार चंद्रवंशी पिता संतन चंद्रवंशी की टीवीएस राइडर बाइक जो ब्लैक-रेड कलर का जिसका नंबर जेएच 03 एएच 3940 चोरी हो गयी। आशीष कुमार ने अपने बाइक चोरी को लेकर थाना में दिए आवेदन में कहा है कि वे सीओ सह प्रभारी बीडीओ के आदेशानुसार बाना पंचायत सचिवालय में आयोजित आधार कैंप में काम करने गये थे। बाइक को सचिवालय भवन के बाहर खड़ी की थी। करीब 3:30 बजे जब पानी पीने बाहर निकला, तो देखा कि मेरा बाइक गायब है। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद बाइक का कहीं आता-पता नहीं चला। आशीष ने थाना पुलिस से त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक बरामद करने की गुहार लगायी है।

## भवनाथपुर के झगड़ाखाड़ में दुर्गा पूजा समिति का गठन, जयप्रकाश बने अध्यक्ष

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। झगड़ाखाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में नव विराट दुर्गा पूजा सह रामलीला कमेटी की बैठक जनक राम की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया और पूजा समिति का गठन किया गया। समिति में जयप्रकाश गुप्ता को अध्यक्ष, आनंद साह को उपाध्यक्ष, शशिकांत ठाकुर को सचिव, रंजीत गुप्ता को सह सचिव, मानिकचंद राम को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र साह को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। मार्गदर्शन समिति में चंद्रिका राम, सुखारी भूइयां, विनोद आनंद पाठक, रंजीत प्रसाद और अनुज कुमार पाठक शामिल किये गये। इसके अलावा सदस्य के रूप में जनक राम, निरंजन पाठक, रंजीत प्रसाद, उदित कुमार, पंकज कुमार भगत साह, सतीश कुमार पाठक, प्रेमनाथ और अमित कुमार का चयन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा के आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। समिति ने सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है ताकि दुर्गा पूजा और रामलीला का सफल आयोजन किया जा सके।

## केतार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला का आयोजन प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में प्रमुख चंद्रावती देवी एवं बीपीओ ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार ने किया। इस कार्यशाला में पाई पोर्टल पर अपलोडिंग हेतु दिशा निर्देश दिया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार पाल और राहुल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। पंचायत सचिव द्वारा कार्यशाला की सामग्री पाई पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सतत विकास हासिल करने के लिए भारत सरकार द्वारा 2015 में यूनाइटेड यूएन द्वारा 17 गोल को दिया गया। कार्यशाला में सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी एवं उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार ने संयुक्त रूप से बेहतर कार्य करने वाले मुखिया को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत स्तर का विकास, योजना क्रियान्वयन और बेहतर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना है।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से खाद विक्रेता की लाइसेंस रद्द करने की मांग की

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत में खाद विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने का मामला सामने आया है। इससे नाराज स्थानीय ग्रामीण शंकर राम ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। सौंपी आवेदन में विक्रेता का लाइसेंस रद्द करने की मांग की गयी है। आवेदन में ग्रामीण शंकर राम का आरोप है कि प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ गांव मेंसर्स मां प्रतिमा ट्रेडर्स खाद विक्रेता के द्वारा लंबे समय से किसानों से यूरिया एवं डीएपी की बोरियों की मानक से अधिक अवैध रूप से पैसे की वसूली की जा रही है। जिससे किसान परेशान है।किसानों ने बताया कि आज के दौर में खेती करना काफी जटिल हो गया है हर जगह लुट मचा हुआ है।इस प्रकार अवैध रूप से वसूली करने से किसानों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से ही खेती की लागत बढ़ी हुई है और ऊपर से इस तरह की मनमानी से किसान परेशान हैं। ग्रामीण शंकर राम ने उपायुक्त से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कराने एवं दोषी पर सख्त कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस रद्द किया जाये। उपायुक्त ने ग्रामीण शंकर राम को मामले की जांच का आश्वासन देते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

## लूटी गयी बाइक, मोबाइल और हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में प्रिंस कुमार सिंह (23) पिता मनोज कुमार सिंह, ग्राम ऊपरी कला थाना हुसैनाबाद जिला पलामू, चंदन कुमार सिंह (23) पिता उमेश सिंह, ग्राम मुबारकपुर थाना हुसैनाबाद जिला पलामू, दिग्विजय सिंह उर्फ दिकू (28) पिता सरवन सिंह, ग्राम सिंहपुर थाना केदार जिला गढ़वा एवं दीपक कुमार सिंह (23) पिता राजेंद्र सिंह, ग्राम सरहु थाना हुसैनाबाद जिला पलामू शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 अगस्त की रात करीब 8 बजे अरविंद कुमार गुप्ता खरौंदी से रघुनाथपुर अपने ससुराल जा रहे थे। इस दौरान मनिया घाटी के पास स्विफ्ट डिजायर कार (संख्या JH01ES-0136) सवार अपराधियों ने उन्हें रोक लिया और पिस्टल की नोक पर मारपीट कर उनकी पल्सर मोटरसाइकिल (संख्या JH14M-6331) एवं रीयलमी मोबाइल फोन (नंबर 6202557758) लूट लिया। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग निकले। घटना के बाद वादी रजनी रंजन, थाना प्रभारी भवनाथपुर के आवेदन पर भवनाथपुर थाना कांड संख्या 137/25 दर्ज किया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई में सभी संभावित मार्गों पर चेकिंग लगायी गयी और गुप्त सूचना के आधार पर सुंडीपुर पुल के पास से स्विफ्ट डिजायर कार समेत अपराधियों को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में चारों ने अपराध स्वीकार किया। अपराधियों की निशानदेही पर लूटी गयी बाइक व मोबाइल बरामद कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली भी जब्त किया गया।

### झारखंड बालू खनन नियमावली-2025 के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक

# जिले में 18 बालूघाटों की ई-नीलामी पर मंथन, डीसी ने दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार द्वारा लागू बालू खनन नियमावली-2025 के प्रावधानों के अंतर्गत कैटेगरी-2 के बालू निपेक्ष से खनन का संचालन अब ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। इसी क्रम में खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार, रांची के सचिव के आदेशानुसार गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने बालूघाटों के संचालन, ई-नीलामी की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और आमजन को इसका अधिकतम लाभ मिले। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी नीलामी को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए, जिससे जिले में बालूघाटों का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जा सके। इस अवसर पर जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को बताया कि जिले में सोन एवं उत्तरी कोयल नदी से कुल 18 बालूघाट चिन्हित किए गए हैं, जिनकी नीलामी ऑनलाइन माध्यम से की जायेगी।

उन्होंने जानकारी दी कि एक व्यक्ति या एजेंसी को अधिकतम दो बालूघाट ही आवंटित होंगे। यदि कोई व्यक्ति/एजेंसी झारखंड के अन्य जिलों में भी इस प्रक्रिया में भाग लेती है, तो उन्हें पूरे राज्य में दो से अधिक बालूघाट नहीं दिए जायेंगे।

### बीडीएसयू में कुलपति ने सभी प्राचार्यों के साथ बैठक की, कहा

# नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन से ही विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के कुलपति प्रो.(डॉ) एमके सिंह के अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं संकायाध्यक्षो के साथ विभिन्न मुद्दो पर विचार विमार्श किया, जिसमें वर्तमान संचालित कक्षाओं के वर्ग तालिका उपलब्ध कराने, 25 अगस्त को आयोजित होने वाले एक दिवसीय स्किल इंडिया पर सेमिनार में सभी छात्र एवं छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, शैक्षणिक सत्रों को नियमित करना, कक्षाओं में छात्र एवं छात्राओं के 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, तथा सत्र 2025-26 में नामांकित छात्र एवं छात्राओं की कक्षायें प्रारंभ करने संबंधित बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर विश्वविद्यालय के हितो में कार्य करने का निर्णय लिया गया।

कुलपति ने कहा कि नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण अध्यापन से ही विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने प्राचार्यों से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने तथा शिक्षकों को समयबद्ध तरीके से पढ़ाई पूर्ण कराने के लिए जबाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ अजय भूषण प्रसाद, वनांचल डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ बसवराज कलाली, होम्योपैथीक कॉलेज के प्राचार्य डॉ केशवेंद्र कुमार तिवारी, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ मनीष दुबे, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या डॉ मरिअम्मा जकारिया, नर्सिंग स्कूल के प्राचार्या दिव्या तिरु, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार, पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ पी डी तिवारी एवं लॉ विभाग के सहायक प्रोफेसर किरण वर्मा उपस्थित थे।

# गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में गढ़वा को आदर्श जिला बनाने का होगा प्रयास : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में गुरुवार को गोपालकों एवं गौशाला समितियों के साथ बैठक की। इस दौरान गौशाला संचालन, अनाथ गोवंश, पंजीकरण और पशु संरक्षण, पशु तस्करी आदि से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ज़िला पशुपालन पदाधिकारी एवं ज़िला गव्य विकास पदाधिकारी भी विशेषज्ञ सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

**'कॉफी विद एसडीएम' में गौशाला संचालन, कांजी हाउस तथा गव्य विकास से जुड़े मुद्दों पर हुआ मंथन**

**श्रीकृष्ण गौशाला के अद्यतन पंजीकरण पर विमर्श :** बैठक में सर्वप्रथम श्रीकृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष विनोद पाठक ने बताया कि यह गौशाला अविभाजित बिहार राज्य के काल से चली आ रही है, लेकिन बीच में समिति की संरचना और सदस्यों में कई बार परिवर्तन होने से अब नये सिरे से आधिकारिक पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है, ताकि झारखंड सरकार के नियमों के अनुसार इसे मान्यता मिले और सरकारी अनुदान का लाभ मिल सके।

**20 एकड़ भूमि का दावा और अतिक्रमण मुक्ति की मांग :** गौशाला समिति के अध्यक्ष विनोद पाठक एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने दावा किया कि गौशाला के नाम पर कुल 20 एकड़ भूमि दर्ज है। इनमें 8.50 एकड़ सोनपुरवा और 11.50 एकड़ चेतना गांव में है। सोनपुरवा बस स्टैंड के चारों ओर स्थित भूमि पर काफी अतिक्रमण होने की बात कही गयी। उन्होंने एसडीएम से अनुरोध किया कि अतिक्रमणकारियों को हटाकर भूमि को मुक्त कराया जाये। समिति के सदस्यों ने यह भी बताया कि एसडीएम संजय कुमार की पहल से गौशाला भूमि का सीमांकन पूरा हो चुका है, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया।

**लावारिस गोवंश की टैगिंग और कांजी हाउस निर्माण का निर्देश**

एसडीएम संजय कुमार ने ज़िला पशुपालन विभाग एवं नगर निकायों को निर्देशित किया कि वे शहरी क्षेत्रों में पालतू और लावारिस गोवंश का विवरण तैयार कर उनकी टैगिंग करें, ताकि जरूरत पड़ने पर उनके वास्तविक मालिकों का पता लगाया जा सके। बैठक में अधिकारियों और आमंत्रित सदस्यों ने क्षेत्र के सभी गोपालकों से अपील की कि दूध देना बंद कर चुकी गायों को सड़कों पर लावारिस न छोड़ें। यह न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि समाज और धर्म के विरुद्ध भी है।

# राजस्व कर्मचारी को एसीबी ने पकड़ा

## कर्मचारी ने कहा: जबदस्ती जेब में पैसा डाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरफ्तारी के बाद एसीबी द्वारा रमकंडा अंचल कार्यालय लाये जाने के बाद पूछे जाने पर राजस्व कर्मचारी ने पत्रकरों को बताया कि उन्होंने रिश्वत की राशी नहीं ली है। जबरजस्ती उनके जेब में पैसा डालकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। बताया कि अगर उनका हाथ धुलाया जाय, तो पूरा मामला साफ हो जायेगा। लेकिन एसीबी ने उन्हें जबरदस्ती गिरफ्तार किया है।**

**गढ़वा।** गुरुवार को पलामू एसीबी की टीम ने गढ़वा जिले के रमकंडा अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी अरुण यादव को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते पकड़ लिया। वहीं गिरफ़्तारी के बाद पलामू एसीबी की टीम राजस्व कर्मचारी को अपने साथ पलामू ले गयी। गिरफ्तारी के बाद प्रेस बयान जारी कर पलामू एसीबी ने बताया है कि रमकंडा निवासी स्व. योगेंद्र राम के पुत्र विसुंजय राम की शिकायत पर 12 हजार रूपए रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने बताया कि विसुन्जय राम की 7.5 डिसमिल जमीन का ऑनलाइन करने के एवज में कर्मचारी ने 12 हजार रुपये की मांग की थी। जिसके बाद वादी की शिकायत पर एसीबी ने इसका सत्यापन किया। जिसके बाद यह करवाई की गयी।

### रंका भाजपा विधायक प्रतिनिधि को लेकर दो गुटों में बंटा

# मुरारी यादव स्वीकार नहीं, पुनर्विचार करें विधायक सत्येंद्र : मंडल अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक प्रतिनिधि मुरारी यादव का विरोध करते भाजपा कार्यकर्ता।

**रंका।** रंका भारतीय जनता पार्टी में दरार पैदा हो गयी है और कार्यकर्ता दो गुटों में बट गये हैं। यह गुटबाजी गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के द्वारा चंद्रवंशी समाज से ताल्लुक रखने वाले रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू को विधायक प्रतिनिधि बनाकर हटाने और मुरारी यादव को विधायक प्रतिनिधि बनाने के बाद खुलकर सामने आ गया है। विधायक प्रतिनिधि मुरारी यादव के विरोध में रंका उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक 18 अगस्त 2025 को आयोजित की गयी, जिसमें विधायक प्रतिनिधि मुरारी यादव का घोर विरोध किया गया और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि विधायक पुनर्विचार करते हुए मुरारी यादव को विधायक प्रतिनिधि से अभिलंब निरस्त करें और अपना निर्णय को वापस लें।

इधर मुरारी यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि विधायक जी हमारा पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल को देखकर पुनः मुझे विधायक प्रतिनिधि बनाया है। मैं अपने कार्य एवं दायित्वों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। इसके संबंध में गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि किसी को विधायक प्रतिनिधि बनाना विधायक पर निर्भर करता है। चूंकि यह घर की बात है, कार्यकर्ता नाराज हैं, इसलिए विधायक को इस पर पुर्नविचार करना चाहिए। दूसरी ओर भाजपा का दूसरा गुट मुरारी यादव को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करने में जुटा हुआ है। श्री यादव को 20 अगस्त 2025 को भव्य एवं गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके संबंध में गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से मोबाइल पर संपर्क किया किंतु उनका मोबाइल स्विच ऑफ बोला जिससे बात नहीं हो सकी। अब आगे देखिए क्या होता है समय बतायेगा।


**कार्यालय, जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा**

**आम सूचना**

कार्यालय पत्रांक 06 कोडरमा दिनांक– 08.01.2024 द्वारा जिला आयुश समिति, कोडरमा के अधीन जिला स्तरीय संविदा आधारित जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कोडरमा का स्वीकृत पद (अनारक्षित कोटि–01) का विज्ञापन सूचना जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी।

निदेशानुसार जिला आयुश समिति, कोडरमा द्वारा लिये गए निर्णय एवं अपरिहार्य कारणों से कार्यालय पत्रांक 06 कोडरमा दिनांक– 08.01.2024 को जिला स्तरीय संविदा आधारित जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कोडरमा का प्रकाशित विज्ञापन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी
कोडरमा

PR 360119 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D



**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा**
**(कल्याण शाखा)**
**नव-निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन, चतरा (झारखण्ड)**
**Email id - dwo.chatra66@gmail.com**

पत्रांक–915 दिनांक–19.08.2025

**अल्पकालीन निविदा**

कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची द्वारा चतरा जिलान्तर्गत संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कान्हाचट्टी में बेडिंग आईटम्स, फर्निचर (EMRS गाईडलाईन के अनुसार) एवं ऑफिस इक्युपमेंट आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेताओं से निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि–**08.09.2025** को अपराह्–**5:00** बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, चतरा में मुहरबंद निविदा आंमत्रित किय जाते है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, चतरा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक–**09.09.2025**, अपराह्न–**4:00** बजे उप विकास आयुक्त, चतरा के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। प्रतिनिधि के द्वारा बैठक में भाग लेने की स्थिति में संबंधित प्रोपराईटर द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र अनिवार्य है। आपूर्ति संबंधित विस्तृत विवरणी निविदा की शर्ते जिला कल्याण कार्यालय के सूचना पट तथा चतरा के अधिकारिक वेबसाइट–www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR 360101 Welfare(25-26).D



**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,**
**AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219) DISTRICT- RANCHI, Jharkhand**
**E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts i.e. Technical & Commercial (Part-I) and Price Part (Part-II) separately are invited from reputed, experienced, capable and financially sound firm/ agencies / contractors for the following works at SRHP Sikidiri, Ranchi, the details of which are as bellow:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of Tender Document (Non Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/PR/JUU NL/2025-26 | Repairing of security barrack of Power House - I & II at SRHP, Sikidiri. | 6,15,200/- (Inclusive GST) | 12,500/- | 1476/- (Inclusive GST 18%) |
| Last Date and Time for sale of BOQ | | | 10.09.2025 Up to 04.00 PM | | |
| Last Date for Submission of BID with tender fee and EMD in the office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri, Ranchi | | | 11.09.2025 Up to 01.00 PM | | |
| Bid Opening date for techno-commercial (i.e. Part-I) | | | 11.09.2025 Up to 03.00 PM | | |
| BID Opening date for Price Part (i.e. Part-II) | | | Will be communicated later. | | |
| Work Officer and address for communication | | | Project Manager, Sikidiri | | |

- Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
- Cost of tender Document (cash/DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft (DD) issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel project, Sikidiri, Payable at **Ranchi.**
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase/submission of tender documents shall be entertained.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- For any clarification please contact phone no. **9431707312** during office hours.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 360070 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26).D

## लगातार बारिश से रांची-लोहरदगा मुख्यपथ पर जलजमाव, राहगीर परेशान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा/ लोहरदगा।** प्रखंड में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के बाद प्रखंड बस्ती के रांची लोहरदगा मुख्य पथ पर घंटो जलजमाव हो गया। जिससे राहगीर व आम लोग घंटो परेशान रहे। मोहल्लों की स्थिति तो और भी खराब हो गयी है। प्रखंड बस्ती के कई मोहल्ले में बारिश के बाद कीचड और जलजमाव भारी परेशानी का सबब बना गया है। मुख्य पथ की सड़कों बारिश का पानी से तालाब मे तब्दील हो गया है। मुख्य पथ का नाले जाम है मोहल्लों में नाली नही है जिसके कारण बारिश का पानी सड़कों और गलियों में ही जमा हो गया। गुरुवार को अपराह्न 4 बजे के बाद हुई बारिश के बाद तो अधिकांश सड़कें और गलियां झील में तब्दील हो गयी। बारिश छूटने के 2 घंटे बाद भी बारिश का पानी गलियों में और सड़क पर जमा है। पानी बहुत धीरे-धीरे निकल रहा है। जिसके कारण प्रखंड बस्ती में जगह-जगह कही सड़क पर कहीं सड़क किनारे तो कहीं मोहल्ले में जल जमाव हो कायम हो गया है। इससे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को जलजमाव वाले क्षेत्र और कीचड़ से होकर आने जाने में भारी दिक्कत हो रही है।

# खेल नुमाइश सह मेला कार्यक्रम का भव्य समापन, 25 अखाड़े शामिल

**गंगा जमुना तहजीब की झलक पेश कर दिखाये हैं आजाद बस्ती चीरी के लोग : धीरज प्रसाद साहू**

**खेल नुमाइश सह मेला से देश की एकता को जीवंत रखने में मदद मिलती है : रोहित उरांव**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुडू/ लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती में चेहल्लुम कमिटी के मुख्य संरक्षक सह कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में दो दिवसीय मेला सह अस्त्र-शस्त्र इनामी खेल मुकाबला का भव्य आयोजन किया गया। जिसका समापन ऐतिहासिक तरीके से किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, एवं युवा नेता सह समाज सेवी रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि सह आयोजक चहल्लुम कमिटी चीरी,निशिथ जायसवाल, अध्यक्ष जिला परिषद रीना कुमारी, नाजिमे आला अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा हाजी अब्दुल जब्बार शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कर्बला की ऐतिहासिक घटना का जिक्र किया कहा कि 1386 वर्ष पहले इराक के कर्बला मैदान मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथी शहीद हुए थे। उनके शहादत को याद कर के इमामे हुसैन के बताए मार्गों में हम सभी को चलने की आवश्यकता है। खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम एक बेहतर मिसाल स्थापित कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है, इसे भविष्य में और बेहतर तरीके से आयोजन कराया जायेगा। वहीं युवा नेता सह समाज सेवी रोहित उरांव ने कर्बला मे हुए शहीदों से प्रेरणा लेकर अन्याय के खिलाफ संघर्ष की बात कही। मुख्य संरक्षक सह कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि सभी के सहयोग से आज आजाद बस्ती चीरी के लोगों ने एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम के अवसर पर भविष्य में इससे बेहतर प्रोग्राम आयोजित कराए जाने का प्रयास रहेगा। ऐनुल अंसारी ने सभी अतिथियों और खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तमाम अखाड़ों और मेहमानों का आभार जताया है। इस बीच मंच का संचालन हाफिज आजाद अंसारी के द्वारा किया गया। इधर खेल नुमाइश सह इनामी मुकाबला में लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार जिले के कुल 25 टीमों ने भाग लिया। इस बीच पांच टीमें जो बेहतर प्रदर्शन किया उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया।

## कुडू में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस अपराध को तीन बच्चों के पिता बसंत उरांव ने अंजाम दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी बसंत उरांव को बुधवार को पुलिस ने लोहरदगा जेल भेज दिया। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की फुटबॉल मैच देखने गयी थी। मैच समाप्त होने में देर हो गयी, इसके बाद वह शाम को अकेले घर लौट रही थी। इसी दौरान, आरोपी ने उसे अकेला पाकर घर छोड़ने की पेशकश की और उसे अपने साथ ले गया। सुनसान जगह पर पहुंचने के बाद आरोपी ने नाबालिग को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद जब आरोपी उसे लेकर जा रहा था, तब मैच खेलकर लौट रहे कुछ युवकों की नजर उन पर पड़ी। नाबालिग को रोता देख युवकों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद उन्होंने कुडू पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने रात में घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेली कार्यकर्ता सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 सितंबर को



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छोटानगपुरिया तेली समाज लोहरदगा जिला समिति की बैठक रविवार को तेली धर्मशाला में जिला अध्यक्ष प्रो शिव दयाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 13 सितंबर 2025 को तेली कार्यकर्ता सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को धूमधाम से आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता हेतु अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गयी। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी नंदकिशोर साहू उर्फ मुन्ना साहू, सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी लखपति साहू, पोस्टर-पंपलेट की जिम्मेदारी सत्यनारायण साहू, प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी रामबिलास साहू, बलराम साहू, मनोज साहू, बजरंग साहू और मुकेश कुमार साहू को दी गयी। मंच, टेंट और लाउडस्पीकर की व्यवस्था भगवत साहू जबकि विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी सोहन साहू को सौंपी गयी। बैठक में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के अध्यक्ष व सचिव पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये। इच्छुक सक्रिय एवं योग्य सदस्य 25 अगस्त से 13 सितंबर तक प्रतिदिन अपराह्न 11 बजे तक तेली धर्मशाला में आवेदन जमा कर सकते हैं। साथ ही कोष संग्रह के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर भी विशेष बल दिया गया। प्रखंड स्तरीय समिति गठन पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए कैलाश साहू, जागेशवर साहू, सूरजमोहन साहू, विजय कुमार साहू, सरजू कुमार साहू और शिवशंकर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में मनोज साहू, मुन्ना साहू, लखपति साहू, सत्यनारायण साहू, बलराम साहू, प्रदीप साहू, दीपक साहू, बिनोद साहू सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** विद्यालय स्तरीय खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण गुरुवार को रेलवे क्लब परिसर में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री सांसद के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम समेत प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों बालक बालिका वर्ग के अंडर 14 और अंडर 17 वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान ऊंची,कूद लंबी कूद, भाला फेक, कबड्डी खो-खो फुटबॉल समेत दो दर्जन से अधिक खेलों में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जहां प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को जिला स्तर पर चयन करने के बाद उन्हें अतिथियों के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर मौजूद जिला परिषद की सदस्य संतोषी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्कूली बच्चों को खेल से जोड़ना उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहतर है उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ खेल से भी बच्चे अपना बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मौके पर प्रभारी बीपीओ जीतेंद्र सिन्हा, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनीता खालको, दिनेश मेहरा, बीआरपी अशोक यादव, विजय यादव, मुकेश चंद्रवंशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# कुचिला पंचायत में सड़क निर्माण में गड़बडी, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश


**बिना इंजीनियर की निगरानी घटिया बालू से हो रही पीसीसी ढलाई**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के कुचिला पंचायत में कुचीला पंचायत भवन से बरवागढ़ा स्कूल तक आरईओ विभाग से करोड़ो की लागत से बन रहे सड़क निर्माण मे भारी अनीयमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी सड़क की ढलाई में घटिया गुणवत्ता की बालू (मिट्टी रहित) का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य बिना किसी तकनीकी अभियंता (इंजीनियर) की निगरानी के चल रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर नियंत्रण नहीं रह गया है। ग्रामीणों ने आशंका जतायी है कि यदि इसी तरह से काम होता रहा, तो कुछ ही महीनों में सड़क टूट जायेगी और जनता की मेहनत की कमाई से बना सरकारी धन बर्बाद हो जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण एजेंसी द्वारा मानकों की अनदेखी की जा रही है। सरकार सड़क निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते उसका लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच रहा।ग्रामीण मुकेश राम, दिकू भुईया, अरबिंद राम, बाबूलाल भुईया, रविंद्र राम, बिरजू राम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच करवायी जाये तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही, आगे के निर्माण कार्य को इंजीनियर की निगरानी में पूरा करने की मांग की गयी है।

## स्वास्थ्य विभाग की जर्जर भवनों के लिए प्रशासन सख़्त, 24 घंटे के अंदर मांगी रिपोर्ट



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के जर्जर स्वास्थ्य भवनों की दशा जल्द बदलने वाली है। जिला प्रशासन ने इस मामले पर सख़्ती दिखाते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति का विवरण फोटो सहित जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाये, ताकि आगे विभागीय कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। बरसात के दिनों में छत टपकना, दीवारों से सीलन झरना, ओपीडी, पर्ची काउंटर और वैक्सीन हाउस में अव्यवस्था आम बात हो गयी है। स्वास्थ्यकर्मियों के आवास भी खस्ताहाल हैं। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जगी है कि रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही जीर्णोद्धार या नये भवनों का निर्माण शुरू होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

**लातेहार में सरकारी पैसों की लूट जारी**

# जिम खुला नहीं, अठारह वर्ष बाद भवन का जीर्णोद्धार शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के चंदवा प्रखंड स्थित कई सरकारी भवन का जीर्णोद्धार करने का कार्य निकाला गया। एक भवन जिम खोलने के नाम पर चंदवा के अंबेडकर नगर स्थित जिम भवन बनाया गया। भवन का निर्माण जिम खोलने के नाम पर 2007 में लाखों रुपए की लागत से जिम भवन बनाया गया था। मजे की बात तो यह है कि 2007 से लेकर अब तक जिम भवन में जिम खुला ही नही अभी 2025 में इसी जिम भवन को जीर्णोद्धार के नाम पर लगभग 25 लख रुपये की लागत से रिपेयर का काम कराया जा रहा है। ऐसे कई भवन लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में बने हुए हैं। जो करोड रुपए की लागत से भवन तो बन तैयार हैं। परंतु भवन बनने के बाद कोई भी कार्य उस भवन में नहीं किया जाता है। उसे 15 साल 20 साल बाद फिर से भवन का रिपेयर के नाम पर लाखों, करोड़ों रुपए की निकासी की जाती है और ठेकेदार के साथ-साथ यहां के पदाधिकारी भी मालामाल होते दिखाई दे रहे हैं। बताते चले कि जिम भवन बने हुए अठारह साल हो गए हैं। वह जिम भवन में आज तक जिम करने का कोई भी सामान सरकारी व्यवस्था से नहीं रखा गया और ना ही कोई गैर सरकारी व्यवस्था से रखा गया। केवल भवन जगह-जगह पर बनाए जा रहे हैं और करोड़ों रुपए की लागत से भवन बन कर तैयार किया जा रहा है। यह कार्य लगातार जारी है। जिससे साफ पता चलता है कि भवन तो बन रहे हैं। सरकार देख-रेख के साथ-साथ भवन को अपने कार्य में नहीं ला रही है। फिर से रिपेयर के नाम पर ठेकेदार से मिलकर अधिकारी लाखों रुपए अपने जेब भर रहे हैं। इस संबंध में जिला परिषद के कनीय अभियंता संजय कुमार भगत से बातचीत दूरभाष पर किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि पहले हमारे देखरेख में कार्य हो रहा था। परंतु दो-चार दिन पहले हमें वहां से अन्य जगहों पर तबादला कर दिया गया। उन्होंने भवन निर्माण में हो रहे कार्यों को लेकर बताने में असमर्थता जताया। कहा कि अब मैं वहां से कार्य मुक्त हो गया हूं।

## रांची के दो मशहूर डॉक्टर 24 को देंगे लोहरदगा में अपनी सेवा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब राजधानी रांची के दो नामचीन डॉक्टर लोहरदगा में अपनी चिकित्सा सेवा देंगे। अंजुमन अस्पताल, लोहरदगा में आगामी रविवार, 24 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मरीजों की जांच और उपचार किया जायेगा। इस दौरान डॉ विभाष चन्द्र, हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ (एमएस), तथा डॉ रंजीत कुमार, बच्चा रोग विशेषज्ञ (एमडी), विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अंजुमन इस्लामिया के नायब सदर सैयद आरीफ हुसैन बबलू ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि जिलेवासियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मौके का लाभ उठाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी जांच एवं इलाज कराएं।

# तासु और चिरु में कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर गुरुवार को तासु और चिरु पंचायतों में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक रामचंद्र सिंह तथा सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव के दिशा-निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे तासु कांग्रेस कार्यालय से हुई, जबकि दूसरा सत्र दोपहर 12 बजे चिरु पंचायत में संपन्न हुआ। तासु पंचायत में संगठन सृजन के तहत नयी कमिटी का गठन किया गया। बालदेव भोकता को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर खलील अंसारी और प्रकाश राम को जिम्मेदारी दी गयी। चिरु पंचायत में अर्शद अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर सदाम अंसारी और अखलेश ठाकुर को चुना गया।

## कंपोजिट यूजर्स शुल्क के खिलाफ जनहित याचिका दायर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस मामले का फाइलिंग नंबर डब्ल्यूपीसी/9293/2025 है। याचिका में राज्य सरकार, सचिव सह आयुक्त परिवहन विभाग, उप परिवहन आयुक्त तथा डीटीओ लोहरदगा को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रति चालान 1200 का कंपोजिट यूजर्स शुल्क लगाये जाने का निर्देश पूरी तरह से अवैध है। एसोसिएशन का कहना है कि जिम्मस पोर्टल पर यह शुल्क जोड़ा गया, जिसके कारण चालान तभी निकल रहा था जब 1200 का भुगतान किया जाता था। कई दिनों तक चालान निर्गत भी नहीं हुआ। कवलजीत सिंह ने तर्क दिया है कि खनन कार्यों से संबंधित परमिट के लिए लगाये गये इस शुल्क की न तो कोई वैध अधिसूचना जारी हुई है और न ही राज्य सरकार को इसका अधिकार है। इसके अलावा बड़े वाहन (45-48 टन क्षमता) और छोटे वाहन (9 .5 टन क्षमता) दोनों पर समान शुल्क 1200 लगाना भी अनुचित है। उन्होंने उच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि इस अवैध शुल्क को लागू होने से रोका जाए। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 15 वर्ष से पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटा नागपुर एवं उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल में रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में भी आगामी सप्ताह में एसोसिएशन हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा।

# परिवार नियोजन को अपनायें और स्वस्थ रहें : डॉ संजीत आनंद

**शिविर में 60 महिलाओं का बंध्याकरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बंध्याकरण शवीर का आयोजन किया गया। वही चिकित्सक डॉ संजीत आनंद ने महिलाओं से कहा कि परिवार नियोजन अपनायें और स्वस्थ्य रहें। जिसके लिये महिलाओं को परिवार नियोजन की विस्तृत जानकारी दी गयी। छोटा परिवार सुखी परिवार के बारे में बताया गया। चिकित्सक द्वारा गर्भ निरोधक की जानकारी देते हुए कहा गया की अनचाहे गर्भ से बचाव के स्थायी और अस्थायी विधि है। स्थायी विधि द्वारा महिलाओं के लिये बन्ध्याकरण सुरक्षित उपाय है। अस्थायी विधि में अनचाहा गर्भ से बचाव के लिये माला डी, कॉपर टी सहित अन्य तरह का उपाय है। साथ ही बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को शवीर आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से इच्छुक 60 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। महिला बन्ध्याकरण का कार्य स्वास्थ्य विभाग के डॉ श्रीनिवास राव और एनएम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य सहियाओं को निर्देश दिया गया की अगले बंध्याकरण के लिए क्षेत्र में अन्य लोगों से संपर्क करे जिसे महिलाओं का स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर हो। मौके पर परिवार नियोजन बिटीटी उषा किरण तिर्की के अलावे स्वास्थ्य सहिया शकुन्तला देवी, मरियम टोप्पो, ललिता शुक्ला, सीमा उरांव, भाग्यमनी देवी, बिंदु कुजूर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति जिला समिति की आपात बैठक

# जिलाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष को किया गया पद मुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** संगठनात्मक पहलुओं को लेकर गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित समिति के संरक्षक सुषमा सिंह के आवासीय परिसर में जय श्रीराम समिति के जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत के सभी पदाधिकारीयो की आपात आम बैठक कोर कमेटी के द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि, जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू तथा कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा को समिति के नियम के विरुद्ध कार्य करने के लिए जवाबदेह ठहराया गया। समिति के निर्धारित गाइडलाइन और सिद्धांत के विरुद्ध आचरण करने के लिए दोषी मानते हुए उपरोक्त पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनक कार्रवाई करते हुए जय श्रीराम समिति के सभी पदों से तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पद मुक्त करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जय श्री राम समिति के सुषमा सिंह, लक्ष्मी भगत, शैलेश महतो, अजय सोनी,अनूप गुप्ता, ओम महतो, रामकिशुन सिंह, रामकुमार साहू, बालेश्वर उरांव, राजेश्वर महतो, गुड्डु साहू, बजरंग करवा, अनिल उरांव, आकाश वर्मा, अनुज महतो,दीपक साहू, निक्कू पासवान, उदय साहू, दीपक कुमार, शैलेंद्र प्रजापति, हरिओम प्रजापति, अंगद महतो, रामजन्म सिंह, सत्यम जयसवाल, नितेश जैसवाल, नीतीश मांझी, काली साहू, अजय प्रसाद,रंजीत यादव, विक्रम साहू, इंदिरा प्रधान, पंकज महतो,चंदन साहू, शुभम कुमार, भीम यादव, गणेश साहू, अशोक साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



### निहित स्वार्थ के लिए समिति के कतिपय लोग कर रहे हैं गलत इस्तेमाल:सुनील अग्रवाल

जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने इस संदर्भ में कहा कि, समिति चलने वाले परदे के पीछे के कतिपय लोग निहित स्वार्थ के लिए भटक गये हैं। कहा गलत 22 सितंबर 2024 को आम चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया था रांची में नवनिर्वाचित कमेटी का निबंध करने के लिए समिति के ओर से जो दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत किया गया उसमें निर्वाचित पदाधिकारी के नाम मौजूद नहीं थे। समिति के निर्वाचित जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व महामंत्री प्रदीप साहू की जगह निबंध के लिए जिला अध्यक्ष पद पर अनिल उरांव समेत अन्य का नाम कथित तौर पर दिया गया था इसकी जानकारी होने पर कानू नाराजगी व्यक्त किया गया मामला न्यायालय में ले जाने की बात कहीं गयी। इससे बौखला कर जय श्री राम समिति के कतिपय संचालक घबराकर उपरोक्त निर्णय लेने का प्रयास किया है कहा कि किसी निर्वाचित व्यक्ति को अचानक बैठक कर हटा देना गलत है।

## जर्जर सड़कों से आमजन बेहाल, पैदल चलना भी मुश्किल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के कुटमू गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क (दुपट्टा चौक-बिरसा चौक से कचहरी मोड़ ओवरब्रिज तक) की हालत बदतर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ के कारण लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। वाहनों की तो बात ही छोड़िए, पैदल चलना भी आम जनता व स्कूली बच्चों के लिए चुनौती बन गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मुद्दे को जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कई बार जिप बोर्ड की बैठक में उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस सड़क से रोजाना अधिकारियों का भी आवागमन होता है, बावजूद इसके मरम्मत की दिशा में कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय विकास यादव, विवेक महतो, राजू कुमार, अशोक उरांव, राजेश कुमार, मदन कुमार आदि ने कहा कि प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार कर तत्काल सड़क की मरम्मत करानी चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गयी कि गुरुवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल आय 21,95,085 रुपये के अतिरिक्त नेपाली नगद - 6600 दान स्वरूप प्राप्त हुआ। इससे अलावे मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया, जिसके पश्चात पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया।

## किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने युवाओं को दिलायी जेएमएम की सदस्यता



माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाते जेएमएम नेता।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। इनमें महिलाएं भी शामिल रहीं। झामुमो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी कार्यालय में स्थानीय युवा समाजसेवी मुकेश सिंह व धर्मेंद्र तिवारी को पार्टी का अंगवस्त्र व माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी और झामुमो परिवार में उनका स्वागत किया। साथ ही पार्टी की नीति-सिद्धांतों एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए झामुमो को मजबूत कर राज्य के विकास में योगदान देने का संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति और सिद्धांतों को अपनाकर और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को दिए जा रहे सम्मान को देखते हुए क्षेत्र के युवा और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी लगातार पार्टी से जुड़ रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष आजम खान,प्रखंड सचिव राजेश कुमार सिंह के साथ अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।08

## डंडार कला मे दुर्गा पूजा कमेटी का किया गठन, मनोज सिन्हा बने अध्यक्ष



पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी प्रखंड के डंडार कला में आगमी दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मती से झामुमो नेता मनोज कुमार सिन्हा को पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया, तथा कार्यकारी अध्यक्ष अभय सिंह, सचिव अरुण साव, कोषाध्यक्ष बैजनाथ पांडेय, मुख्य सरंक्षक गोविंद लाल, मुन्ना सिन्हा, नागेंद्र पाठक, मुखिया प्रदूमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को बनाया गया। दुर्गा पूजा अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्षो से डंडार मे दुर्गा पूजा पुरे हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

## मेदिनीनगर प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन विषयक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के मेदिनीनगर प्रखंड के सर्वाधिक फाइलेरिया-ग्रसित क्षेत्र सुआ गोदाम स्थित शिव मंदिर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलने वाले एमडीए-आईडीए अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिला जनसंपर्क विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा 'हाथी का पैर' नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के लेखक एवं निर्देशक सैकत चटर्जी थे। यह आयोजन जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल और अंतर विभागीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को एमडीए-आईडीए अभियान में दी जाने वाली दवा का सेवन करने हेतु जागरूक किया गया और सभी से इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गयी। मौके पर जिला चिकित्सा प्रभारी, डीएमओ और वीबीडीसी कंसल्टेंट के अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। वहीं सुआ पंचायत की जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी दीदीयों (जीसीआरपी- सरिता देवी, तारा देवी, बीडीएसपी-संगीता देवी, सीआरपी-शांति देवी व प्रतिमा देवी) के सक्रिय सहयोग से समुदाय की भागीदारी और स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# दंपति को कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत तरवन खुर्द गांव के भुइंया टोली में बीते दिनों एक गंभीर आपसी विवाद के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान चेतन भुइंया के पुत्र पवन कुमार ने जनेश्वर भुइंया और उनकी पत्नी अनिता देवी को कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पवन भुइंया ने दोनों को माथे और गर्दन पर वार किया, जिससे दोनों की स्थिति नाजुक हो गयी।

जनेश्वर भुइंया ने इस मामले में हरिहरगंज थाना में पवन कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने




अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजती पुलिस।

जानकारी दी कि जनेश्वर भुइंया की लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 103/25 दर्ज किया गया है। अभियुक्त पवन कुमार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 126(2), 118(2), और 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# विधायक की पहल पर किसानों को मिलेगा उचित मूल्य पर यूरिया खाद




### खाद व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी : निदेशक

निदेशक ने कहा कि खाद व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पलामू में पर्याप्त मात्रा में रेलवे ट्रैक से कल खाद पहुंचेगा, जिसे मैं स्वंय उपस्थित होकर हाऊसिंग कालोनी के मैदान में किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराऊंगा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा सहित पलामू जिला में यूरिया खाद की कालाबजारी की जा रही है। पांकी विधानसभा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को कालाबाजारी की सुचना मिलने पर उन्होंने राज्य के कृषि विभाग के निदेशक से बात किया। निदेशक ने कहा कि खाद व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पलामू में पर्याप्त मात्रा में रेलवे ट्रैक से कल खाद पहुंचेगा, जिसे मैं स्वंय उपस्थित होकर हाऊसिंग कालोनी के मैदान में किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराऊंगा। विधायक ने बताया कि मुझे सुचना प्राप्त हुई की व्यापारियों के द्वारा जानबूझकर यूरिया खाद की बनावटी किल्ल्त पैदा की गयी है, ताकि जमाखोरी करके उचित मूल्य से कई गुना दाम पर बेचने की इरादे से जमाखोरो के द्वारा किसानों से कई गुणा अधिक राशि वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ पैक्सों के द्वारा केवल सदस्यों को ही खाद देने की सुचना आ रही है। वैसे पैक्सो पर कृषि जिला पदाधिकारी के द्वारा कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी, तथा सभी स्टोकिस्ट एवं दुकानदारों के स्टॉक की जांच कराकर जमाखोरों और कालाबाजारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# रातों रात अमीर हो गयी हैदरनगर की माया अचानक खाते में आये 62 लाख रुपये

### लेकिन खाता होल्ड होने के कारण एक हजार रुपये भी नहीं निकाल पा रही है माया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बुद्धू बिगहा गांव निवासी माया कुंवर रातोंरात अमीर हो गयी। उसके एसबीआई बैंक खाते में अचानक 62 लाख 6 हजार आ गये। माया को कल्याण विभाग से प्रति माह एक हजार रुपये विधवा पेंशन मिलती है। जब महिला पेंशन निकालने बैंक गयी तो उसे पता चला कि उसके खाते पर होल्ड लगा दिया गया है। एसबीआई के हैदरनगर शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि यह होल्ड तमिलनाडु के साइबर विभाग द्वारा लगाया गया है। बैंक द्वारा पीड़ित महिला को दिये गये कागज में कहा गया है कि एनसीआरपी यूपीआई फ्रॉड के कारण यह होल्ड लगाया गया है। विधवा महिला माया कुंवर ने बताया कि इस खाता संख्या 33166565810 में उसका एक



बुद्धू बिगहा गांव निवासी माया कुंवर।

हजार रुपये का सामाजिक सुरक्षा पेंशन आता है। महिला ने बताया कि उसे यह पैसा नहीं मिल रहा है, जिससे उसे काफी परेशानी हो रही है। उसने बताया कि उसके खाते में कहां से और कितना पैसा आया है उसे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

इस संबंध में एसबीआई हैदरनगर शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि महिला को साइबर थाना से संपर्क करने को कहा गया है।

महिला ने बताया कि वह साइबर थाना मेदिनीनगर गयी और सारी जानकारी दी। साइबर थाना ने बताया कि यह होल्ड तमिलनाडु के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने लगाया है। यहां से इस मामले में कुछ नहीं किया जा सकता। फिलहाल महिला अपने पेंशन के एक हजार रुपये निकालने को लेकर परेशान है, जबकि उसके खाते में अभी भी 6206100 रुपये हैं। महिला ने अब पलामू के उपायुक्त से गुहार लगायी है कि उसे सिर्फ उसका पैसा चाहिए, उसे नहीं पता है कि उसके पास कहां से और कितना पैसा आया। जबकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि बैंक या कोई भी संस्था किसी का बैंक खाता होल्ड नहीं कर सकती, वे सिर्फ उतना ही पैसा होल्ड कर सकते हैं, जो विवादित हो।

# उपायुक्त ने सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में गुरुवार को सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर जिला स्तरीय काउंसलिंग कार्य का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने सहायक आचार्य (6-8 वर्ग- भाषा) पद के लिए चल रहे काउंसलिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार का आदेश विज्ञापन प्रकाशन में दिये गये मानदंड तथा नियुक्ति नियमावली के नियमों को शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि सफल घोषित



और अनुशंसित कुल 48 अभ्यर्थियों का समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।

**दस्तावेजों का किया जा रहा है सत्यापन :** काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ-साथ दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों की जांच की जा रही है। ये दस्तावेज दो अलग-अलग फोल्डरों में क्रमवार जमा किये जा रहे हैं। जिन पर अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक, विषय, पिता का नाम और श्रेणी स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। साथ ही दस्तावेजों की जांच के दौरान यदि कोई कमी पायी जाती है, तो मौके पर ही सुधार का विकल्प दिया जायेगा, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक मानकों पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन पत्र जारी किये जायेंगे और उन्हें संबंधित विद्यालयों में नियुक्त कर दिया जायेगा। इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग अधिकारी और कर्मी आदि उपस्थित थे।

# विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय करें पूर्ण : डीसी

### भुगतान में देरी करने पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, अनटाइड, एमपीलैड, एमएलए लैड, पीएम अभिम, 15वें वित्त आयोग एवं नीति आयोग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में भुगतान में देरी करने पर अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावा बैठक




में सर्वप्रथम नीति आयोग अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के सूचकांक प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। आगे समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम आदि उपस्थित थे।

## दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**देवघर (आजाद सिपाही)। मोहनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहित महिला अपने दो पुत्रों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। मामले में पति ने मोहनपुर थाने में आवेदन देकर पत्नी को खोजने की गुहार लगाई है। पति का कहना है कि उसकी शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद उनकी पत्नी बराबर एक लड़के साथ अपने पुराने प्रेम को लेकर फोन पर बात करती थी। इसे लेकर पति-पत्नी में विवाद होता था। इसके बाद महिला अपने मायके चली गयी। शादी के बाद से दो पुत्र भी हुआ। मायके जाने के बाद पति-पत्नी के बीच समझौता हुआ और पुनः महिला वापस अपने ससुराल आई। इधर, 16 अगस्त महिला ने अपने ससुर को बताया कि बेटे का जन्मदिन है, इसलिए बाजार सामान खरीदने जा रही हूं। उसके बाद से वह लौट कर नहीं आयी। बाद में काफी खोजबीन करने पर पता चला कि वह प्रेमी के साथ फरार हो गयी है।**

## समग्र शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025 को लेकर बीआरसी मधुपुर के द्वारा गड़िया मैदान में फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल का उद्घाटन झामुमो नेता दिनेश्वर किस्कू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद ताहिर हुसैन, लेखापाल राजेंद्र वर्मा, सुनीता बाउरी, तिलक कला की प्राचार्या सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया। अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 आयु वर्ग के बालक - बालिकाओं के बीच फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन 23 अगस्त को किया जायेगा। खेल को सफल बनाने में प्रखंड साधन सेवी धीरेंद्र महतो, संकुल साधन सेवी असलम नजीर, रजा फरीदी, शिक्षक गौतम कुमार सिंह, मोहम्मद शमशेर, दुःखहरण राम, बिंदा कुमारी, मो. अफरोज, मोहम्मद एजाज अहमद, स्नेहा कुमारी, जयशंकर सिंह, नकुल पंडित, सुनीता आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# बिश्रामपुर : एलसीएमसीएच में टॉन्सिल हुआ सफल ऑपरेशन, 12 वर्षीय बॉबी राज को मिली नयी जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एलसीएमसीएच) ने चिकित्सा सेवा में गुरुवार को एक नयी उपलब्धि दर्ज की। यहां पहली बार टॉन्सिल का सफल ऑपरेशन किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में यह सिर्फ एलसीएमसीएच के लिये ही नहीं बल्कि पूरे पलामू प्रमंडल लिये ऐतिहासिक क्षण है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पांडु थाना क्षेत्र के मुरमा कला का 12 वर्षीय बॉबी राज लंबे समय से गले में दर्द व संक्रमण से ग्रसित था।



ऑपरेशन करते चिकित्सक।

किसके चलते उसे सांस लेने में भी काफी परेशानी हो रही थी। परिजनों ने उसका कई जगह इलाज कराया लेकिन सुधार नहीं हुआ। उसे एलसीएमसीएच में इलाज के लिये लाया गया। जहां चिकित्सकीय जांच में गंभीर टॉन्सिल की पुष्टि होने पर उसका सफल ऑपरेशन किया गया। ईएनटी विभाग के सर्जन डॉ. संदीप पटेल के नेतृत्व में यह शल्य चिकित्सा की गयी। जिसमें अनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह, डॉ विकास व डॉ मृगनयनी सहित ओटी असिस्टेंट दयानन्द कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं नर्सिंग इंचार्ज अमर कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन में सहयोग दिया। इस उल्लेखनीय सफलता पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ नित्यानंद ने कहा कि पहली बार इस तरह का सफल ऑपरेशन होना अस्पताल की बढ़ती विशेषज्ञता व विश्वास को दर्शाता है।

डायरेक्टर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि अब पलामू प्रमंडल के मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही और भी जटिल सर्जरी यहां संभव होगा। डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी ने डॉक्टरों व स्टाफ की मेहनत की सराहना करते हुये इसे अस्पताल की विश्वसनीयता और मरीजों के भरोसे का प्रतीक बताया। अस्पताल के प्रशासक संदीप कुमार ने कहा कि यह सफलता अस्पताल की उन्नत चिकित्सा सेवाओं का प्रमाण है। इधर ऑपरेशन के बाद बॉबी राज पूरी तरह स्वस्थ है। परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार जताते हुये कहा कि यह उनके लिए नयी जिंदगी की शुरूआत है।

# देवघर : टावर चौक से आजाद चौक के बीच निगम ने हटाया अतिक्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में एक बार फिर से अतिक्रमण को लेकर देवघर नगर निगम का टावर चौक से लेकर शिक्षा सभा चौक तक बुलडोजर चला लगातार अतिक्रमण हटाने के बावजूद सड़कों के बीच और दुकानों के किनारे किनारे दुकानदार सड़क को अतिक्रमण कर ले रहे हैं, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजार होने की वजह से भीड़ अत्यधिक होती है और अतिक्रमण से इन सभी को परेशानी का सबब लेना पड़ता है। जिसको लेकर नगर निगम कई बार अतिक्रमण अभियान चला




चुकी है, बावजूद इसके दुकानदार अतिक्रमण कर रहे हैं। जिसको लेकर आज नगर निगम की टीम देवघर के टावर चौक से लेकर शिक्षा सभा चौक तक सभी अतिक्रमण जगह को मुक्त कराया। मौके पर नगर निगम के पदाधिकारी विकास कुमार मिश्रा ने बताया कि यह स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है और दुकानदारों को हिदायत भी दिये जा रही है कि जैसे ही अतिक्रमण हटाया जाये, उसे पुनः द्वारा अतिक्रमण न किया जाये। अगर वह अतिक्रमण करते हैं, तो इस बार उन पर कानूनी कार्यवाही के साथ साथ जुर्माना भी वसूली जायेगी।

### गुनिया के ग्रामीणों ने की बैठक, दी चेतावनी

# सड़क नहीं बनी, तो होगा बड़ा आंदोलन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के गुनिया गांव में गुरुवार को ग्रामीणों की एक अहम बैठक हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा गुनिया गांव से बसुवा गांव तक की करीब 2 किमी लंबी सड़क रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क का न तो पक्कीकरण हुआ है और न ही यह चलने लायक है। गड्ढे और कीचड़ से भरा यह रास्ता ग्रामीणों की बड़ी परेशानी बन गया है। बैठक में मुख्य रूप से कमल उरांव, बिरी उरांव, अमोद उरांव, चंदर पहान, सुखैर पहान, करीमन उरांव, खसिया उरांव, निरंजन उरांव, दिलीप उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

**दो किमी के बजाय 15 किलोमीटर का अतिरिक्त दूरी करना पड़ता है तय :** ग्रामीणों ने बताया कि इस 2 किमी सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरन अन्य मार्ग से 15 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। इससे समय, मेहनत और आर्थिक बोझ बढ़ता है। साथ ही कहा की बरसात में हालात और बदतर हो जाते हैं, बीमारों को अस्पताल ले जाना तक मुश्किल हो जाता है।

**प्रशासन को उग्र आंदोलन की दी चेतावनी :** ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जायेंगे। पंचायत समिति सदस्य बैजू पहान ने कहा कि गुनिया से बसुवा तक की सड़क ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग है। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि इस सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाये, वरना ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### कामडारा में खाद्य सुरक्षा और तंबाकू नियंत्रण को लेकर छापेमारी

# रंग युक्त खाद्य पदार्थों को किया नष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एवं अनुमंडल पदाधिकारी बसिया के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी द्वारा गुरुवार को कामडारा क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सूर्या लाइन होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट (बाकू टोली, कामडारा), साहू जनरल स्टोर, संतोष साहू, प्रकाश स्टोर, कृष्ण कुमार साहू, तथा तिवारी मिष्ठान भंडार गिरीश चंद्र गुप्ता आदि प्रतिष्ठानों की जांच की गयी। जांच के क्रम में सूर्या लाइन होटल से पनीर का सैंपल संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया।

सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

कई दुकानों में खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंग उपयोग किए जा रहे थे, जिसे मौके पर तत्काल नष्ट कराया गया।

सभी खाद्य विक्रेताओं को एक सप्ताह के भीतर फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कराने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत तंबाकू नियंत्रण को लेकर भी छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों के प्रयोग पर कार्रवाई की गयी। इस छापेमारी अभियान में जिला तंबाकू नियंत्रण निदेशक सलाहकार वंदना स्मिता, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवं सूरज कुमार की विशेष भूमिका रही।

# 24 अगस्त को होगी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की सभा

**सिसई में बलात्कारकांड और जिले में महिलाओं के आत्महत्या के मामले को उठाया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला प्रखंड के तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 24 अगस्त 2025 को गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास आयोजित महिला सभा में सिसई प्रखंड में छात्रा की अपहरण के बाद किये गये बलात्कार कांड एवं घाघरा प्रखंड के टोटाम्बी में कविता देवी की हुई संदिग्ध अवस्था में आत्महत्या के अलावे जिले भर में छात्रा व महिलाओं द्वारा लगातार संदिग्ध अवस्था में की जा रही आत्महत्या के सभी मामले की न्यायिक जांच करने संबंधी मुद्दे को जोरदार ढंग से उठायी जायेगी। पुष्पा उरांव ने कहा है कि खुलेआम स्कूल जाती बच्ची को अगवा कर बलात्कार किया जा रहा है, इससे पता चलता है कि अपराधियों का मनोबल कितना बढ़ा हुआ है। छात्रा का अपहरण और बलात्कार मामले में दोषियों की गिरफ्तारी के बाद कठोर कार्रवाई होनी चाहिए नहीं तो हमारी बेटी बहनों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध प्रचंड आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी। विदित हो कि 24 अगस्त 2025 को महिला मंडल सहयोग संचालन समिति द्वारा महिला उत्पीड़न के खिलाफ तथा महिला सुरक्षा, महिला सम्मान, रोजगार, लोन माफी, अनुदान, व्यवसाय के लिए पूंजी तथा महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट पर रोक लगाने जैसे मुद्दे को लेकर सभा का आयोजन की जा रही है। सभा में बतौर मुख्य वक्ता ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

## अरुणोदय संघ दुर्गा पूजा समिति केअध्यक्ष रूपक साहू और सचिव राजेश सिंह बने



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अरुणोदय संघ दुर्गा पूजा समिति सिसई रोड गुमला की एक आवश्यक बैठक स्थानीय पोद्दार धरमशाला में 20 अगस्त को संध्या के 7:30 बजे संघ के अध्यक्ष रूपक साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक का संचालन करते हुए सचिव राजेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष रूपक साहू एवं राजेश सिंह सचिव चुने गये। इस वर्ष अरुणोदय संघ में इलेक्ट्रॉनिक तोरण द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। संघ के सदस्य संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से रूपक साहू, राजेश सिंह, पंकज सोनी, सविंद्र सिंह, रवि सिंह, सुभाष साहू, अशोक अग्रवाल, दीपक गुप्ता, संदीप सिंह, जय साहू , शंभू सिंह, आशीष मृणाल, पंकज गुप्ता, राजमणि प्रसाद, शुभम कुमार, रोहित सिंह, रितेश कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जतरा टाना भगत की जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** सुविख्यात टाना भगत आंदोलन के प्रणेता महानायक स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जयंती समारोह की तैयारी बैठक जौरा टाना भगत की अध्यक्षता में की गयी। समारोह की सफलता निमित्त कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किये गये एवं कार्यक्रम की ब्लू-प्रिंट तैयार की गयी। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार जयंती समारोह के मुख्य-अतिथि झारखंड के राज्यपाल को आमंत्रित किया जायेगा। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय हुआ कि जयंती समारोह के पूर्व विविध-प्रतियोगिताएं भी आयोजित किये जायेंगे, उन सभी सफल प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से ये भी निर्णय लिया गया कि आदिवासी समाज के बीच निःस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले भाई-बहनों को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जायेगा। इस निमित्त तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है। अगली बैठक 28 अगस्त को की जायेगी जिसमें कार्य-विभाजन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से टाना भगत विकास प्राधिकार के राज्य प्रतिनिधि बहादुर टाना भगत, राजेश टाना भगत, जनार्दन ताना भगत, बालेश्वर टाना भगत, विनय टाना भगत, सूर्यकान्त टाना भगत, दिनेश टाना भगत, सिकंदर उरांव, सुरेश टाना भगत, बिदेश्वर उरांव, लहरू उरांव, पवित्रा टाना भगत, रामकेश्वर टाना भगत, महाबीर उरांव, विशवा टाना भगत संजय उरांव, महात्मा उरांव, बुद्धिमान उरांव, भगत, सुरेश भगत, सुनीत उरांव, बाबूलाल उरांव, डॉ सुशील उरांव, संतोष महतो, सिद्धेश्वर महतो, वीणा भगत, हीरामुनी टाना भगत, दिलेश्वर उरांव, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत सहित भारी संख्या सदस्य उपस्थित रहे।

# चैनपुर केंद्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने भूषण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** शारदीय नवरात्र की तैयारी को लेकर दुर्गा मंदिर परिसर चैनपुर में केंद्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से समिति का विस्तार करते हुए नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में यमुना प्रसाद केशरी को चुना गया, जबकि संरक्षक मंडल में रघुनादन प्रसाद, राजेशरण भगत, रामगुलाम सिंह, चन्देश्वर प्रसाद और त्रिभुवन प्रसाद शामिल किए गए। सलाहकार समिति में कृष्णा प्रसाद, मुकेश प्रसाद, संतोष प्रसाद केशरी एवं संतोष प्रसाद केसरी का चयन हुआ। कार्यकारिणी पदाधिकारियों में अध्यक्ष भूषण प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, रूपेश कुमार गुप्ता एवं कुलदीप कुमार को चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी अध्यक्ष राजन पांडे, सचिव मनोज कुमार, सह-सचिव पुष्कर भारती, उप-सचिव बसंत रौतिया, कोषाध्यक्ष दिलबाग कुमार, सह-कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अमित किशोर पांडेय एवं शिवम केशरी, तथा पूजा प्रभारी निरंजन कुमार और संतोष कुमार चुने गये। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुभाष चंद्र प्रसाद (बिट्टू), विकास राम, सत्यम केशरी, राहुल कुमार, अमित जायसवाल, दीपक साहू, विनय केशरी, सुदर्शन कुमार, त्रिलोकी कुमार, अजय सिंह और राज सिंह को शामिल किया गया। रावण दहन कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी पुष्कर भारती को दी गई। नई कार्यकारिणी को दुर्गा पूजा के आयोजन को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद सिंह ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा और समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

## अपहरण हुई छात्रा को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोटाम पतगच्छा निवासी व्यक्ति के 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को राजेश लोहरा नामक विवाहित व्यक्ति भगा कर हरियाणा ले गया था। घटना 25 जुलाई की है काफी खोजबीन के बाद भी बेटी नहीं मिलने पर पिता ने 2 अगस्त को घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी पर लगातार दबाव बना रही थी। लगातार पुलिस के दबाव के कारण आरोपी 19 अगस्त को छात्रा को उसके गांव के समीप छोड़कर फरार हो गया था। वही पुलिस ने छात्रा को बरामद किया और गुरुवार की दोपहर 12 बजे सदर अस्पताल में उसका मेडिकल कराया। वहीं आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## बिशुनपुर के कटिया मैना टोली में वज्रपात से युवक की मौत, गांव में मातम

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कटिया मैना टोली गांव में गुरुवार की दोपहर बज्रपात की चपेट में आने से गांव के अली उरांव 30 वर्ष की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अली अपने भैंसों को चराने के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज कड़कड़ाहट के साथ बज्रपात हुई जिसके चपेट में आने से अली की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वज्रपात इतनी जोरदार थी कि मृतक के शव के आसपास दो गहरे गड्ढे बन गये। ग्रामीणों का मानना है कि यह गड्ढे बिजली गिरने से ही बने हैं। हादसे की सूचना फैलते ही गांव के लोग घटनास्थल पर जुट गये और पूरे इलाके में शोक का माहौल पसर गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी बिशुनपुर थाना को दी। सूचना पाकर बिशुनपुर पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। जहां शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कानूनी कार्रवाई पूरी की जा रही है। इधर अचानक हादसे से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को आपदा राहत मद से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# बारडीह खेल मैदान में खेलो झारखंड का शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड अन्तर्गत संत मारिया उच्च वि बारडीह खेल मैदान मे प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य अतिथि मेराल पंचायत मुखिया चाजरेण मिंज बीपीएम सरफराज अन्सारी और विशिष्ट अतिथि के रूप मे एचम फादर अलेकजेंडर तिर्की रहे। अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेलो झारखंड का शुभारंभ किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि मेराल मुखिया चाजरेण मिंज ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलो झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण योजना है। इस खेल से बच्चे प्रखंड स्तर से जिला स्तर तथा राज्य स्तर तक ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं जिससे बच्चों मे उत्सुकता जागती है। वहीं फादर अलेकजेंडर तिर्की ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है खेलकूद से शारीरक एवं मानसिक विकास होता है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी खेलकूद जरूरी है। मौके पर उपस्थित बीपीएम सरफराज अंसारी ने कहा कि यह सरकार का महत्वपूर्ण खेल है खेल के माध्यम से बच्चा का शारीरीक एवं मानसिक विकास होता है। पढाई के साथ खेल जरूरी है। मौके पर बीआरपी निर्भय कुमार, सीआरपी दिनेश नन्द, अंजली कुजूर, विक्टोरिया एक्का, अजय मिंज, राजीव रंजन मिंज, अशोक खलखो, एरिक मिंज, माताशरण कुजूर, मो रहीम, रोशन कुजूर, अश्विन मिंज, सुबाला कुजूर, अरूण कुमार बाड़ा, प्रभुदास तिग्गा, जोसेफा तिर्की, जयंत कुमार सहित बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

# बारिश में भी उर्वरक के लिए किसानों की लगी लंबी लाइन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उर्वरक के किल्लत से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। गुमला में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का आवक नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। उर्वरक के लिए किसान सुबह से शाम तक दुकानों का चक्कर काट रहे हैं। पालकोट रोड स्थित खाद्य दुकान में गुरुवार को जहां सुबह सात बजे से ही किसानों की लंबी लाइन लग गई वहीं बाजार टांड़ रोड में देर शाम तक तक किसानों की लाइन लगी रही। ज्ञात हो कि धान का फसल अब लहलहाने लगा है। वर्षा भी कम हो गया है। फसल के उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए रसायनिक खाद यूरिया खेत में देना पड़ता है। गुमला में यूरिया का आवक नहीं होने के कारण काफी परेशानी हुई। गुरुवार को उर्वरक मिलने से किसानों को राहत जरूर मिली लेकिन परेशानी कम नहीं हुई। इसका कारण बाजार टांड रोड स्थित शंकर कृषि केंद्र में शाम में यूरिया का खेप आया। लगभग सौ मीटर की लंबी लाइन किसानों की लगी रही। बारिश में किसान यूरिया के लिए भींगने को मजबूर देखे गए। देर शाम तक यूरिया का वितरण हुआ। इसके बावजूद सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिला है। वहीं किसानों ने बताया यूरिया के किल्लत के बीच 350 प्रति बोरा यूरिया दिया जा रहा है। जबकि सरकारी दर 266 रुपया 58 पैसा है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI**
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-20/2025-26 (1st Call)**
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/20/2025-26 Date:- 20.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Rajpur to Barachatti GT Road under CRIF Scheme under Chatra district including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Chatra District in the State of Jharkhand. (Total Length- 30.00 Km) *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 30.00 K.m |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 22.08.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 30.08.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 30.08.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 01.09.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning, RCD, Ranchi Mob- 9905660677. |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./- (Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi

PR 360062
Road (25-26)_D

# जनशिकायत निवारण दिवस पर चैनपुर में 25 और सिसई में 15 आवेदन मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में नियमित रूप से जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, चैनपुर एवं सिसई में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया।

चैनपुर प्रखंड में कुल 25 आवेदनों की प्राप्ति हुई, जिनमें पेंशन, दाखिल-खारिज, जन्म प्रमाण पत्र, पंजी-2 सुधार, मकान क्षति मुआवजा, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र तथा फसल क्षति मुआवजा से संबंधित आवेदन शामिल रहे। इनमें से 18 आवेदनों का त्वरित निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, शेष पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

इसी प्रकार सिसई प्रखंड में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, मईया योजना, बैंक, पेयजल, सड़क सुरक्षा तथा अन्य विषयक आवेदन शामिल थे। इनमें से 7 आवेदनों का निवारण तत्काल किया गया जबकि शेष 8 आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनशिकायत निवारण दिवस में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समयबद्ध समाधान उपलब्ध हो सके।

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**

Email id - mdmchatradse@gmail.com, Phone no 06541-296111

**आम सूचना**
**(निविदा प्रकाशन)**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण राँची के पत्रांक 681 दिनांक 06.12.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में विद्यालयों को प्रधानमंत्री पोशण भाक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यालय तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से चावल उपलब्ध कराने हेतु स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रखण्ड स्तरीय गोदाम से विद्यालय तक चावल पहुँचाने हेतु निविदा का प्रकाशन दिनांक 20.08.2025 से 08.09.2025 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हाथो हाथ के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है ।

उक्त निविदा का विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबासाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.360020 School Education and Literacy(25-26):D

## नौ सूत्री मांगों को लेकर चिरकुंडा दहीबाड़ी कोलवासरी के मजदूरों का धरना प्रदर्शन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा के दहीबाड़ी बीसीसीएल सीबी एरिया 12 के कोलवासरी के मजदूरों ने जनता श्रमिक संघ के बैनर तले 9 सूत्री मांगों को लेकर भोला चौहान की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कोलवासरी के मुख्य द्वार के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है। कार्यरत मजदूर एवं सुरक्षा कर्मियों को नियम संगत वेतन सुरक्षा उपकरण तथा उपयुक्त कार्य के माहौल से वंचित एवं भेदभाव का वातावरण बनाये जाने के कारण को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

## बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, डीटीओ ने दिया निर्देश

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कड़ा कदम उठाया है। जिले के सभी पेट्रोल पंप प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया गया है कि वे 'नो हेलमेट- नो पेट्रोल' का बोर्ड लगायें। इस निर्देश के आलोक में अब किसी भी वैसे दो पहिया वाहन को पेट्रोल नहीं दिया जायेगा जिसमे चालक या पीछे बैठने वाले व्यक्ति ने हेलमेट नही पहन रखा है। इस बाबत जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने पुनः आदेश जारी करते हुए निदेश दिया है कि उक्त आदेश का अनुपालन सख्ती से करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित पेट्रोल पंप प्रतिष्ठान के विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि यह नियम सख्ती से लागू किया जायेगा। यदि कोई पेट्रोल पंप इसका पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित होगी। साथ ही जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## सभी स्कूल समय सीमा से पहले रजिस्ट्रेशन और सबमिशन पूरा करें : डीडीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक सह उन्मुखीकरण उप-विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, एपीओ, एडीपीओ, सभी बीपीओ, सभी केजीबीवी के वार्डन कनीय अभियंता, सभी बीआरपी एवं सभी सीआरपी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं बच्चों की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिए जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को स्वच्छता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। ताकि अधिक से अधिक विद्यालय मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए चयनित हो सके। उन्होंने 'मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार' से संबंधित जिले के प्रगति पर प्रखंड-वार समीक्षा किया। साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिया कि सभी स्कूल समय सीमा से पहले रजिस्ट्रेशन एवं सबमिशन का कार्य पूरा कर ले।

## जामाडोबा शास्त्री नगर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**झरिया/ जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा शास्त्री नगर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी के आवास पर 11वां वार्षिक 24 घन्टे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन पूजन में पुरोहित आचार्य बाके बिहारी पांडेय, भोला पांडेय,रमाकांत पांडेय,लालदेव पांडेय, शशांक शेखर पांडेय थे। वही जजमान में स्वेता किन्नर थे। इस अवसर पर कीर्तन मंडली भौरा कीर्तन मंडली,जामाडोबा मुन्ना और अनीश कीर्तन मंडली, केंदुआ महिला शिला मंडली,सुभाष सिंह मंडली, जयरामपुर कीर्तन मंडली के लोगों द्वारा भव्य हरिकीर्तन प्रस्तुत किया गया। हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारे से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण व्याप्त हो चुका था। इस अवसर पर निर्मला, रेखा,राखी, विभा,मुन्नी,अश्वनी किन्नर उपस्थित थे।

## आसनबनी में सुई-धागा केंद्र शुरू




**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** सेल की एमडीओ केटीएमपीएल ने टासरा प्रोजेक्ट के अंतर्गत निमार्णाधीन आर एंड आर कालोनी आसनबनी में सिलाई प्रशिक्षण हेतु सुई -धागा केंद्र की स्थापना किया। संजय तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक सेल चासनाला ने इस केंद्र का उद्घाटन किया। सीएसआर अमितेश चंद्र ने बताया कि सरिसाकुंडी ,आसनबनी और कालीपुर के महिलाओ को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के लिए यह केंद्र खोला गया है। संजय तिवारी ने कहा कि सेल एवं केटीएमपीएल अपने प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक और कौशल विकास का अनेकों कार्यक्रम चला रहा है। इस निमित्त प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत एक सराहनीय कदम है। इस पहल से महिलाए आर्थिक रुप से सशक्त होगी, आय में बृद्धि होगी और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। महाप्रबंधक प्रभारी शिवराम बनर्जी ने कहा कि महिलाओ के लिए यह केंद्र एक बड़ा अवसर है । वह प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेगी। कहा कि दीर्घकालिक आजीविका के साधन भी उपलब्ध कराए जायेंगे। इस अवसर पर बड़ी तादाद में ग्रामीण महिलाए उपस्थित थी। सेल के पंकज मंडल डीजीएम मनोज कुमार सीएसआर, टी रमेश परियोजना निदेशक केटीएमपीएल मौजूद थे।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस पर पेंशन वृद्धि और सुविधाओं की मांग

**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर गुरुवार को एफसीआई वीएसएस इंप्लाइज एसोसिएशन की बैठक सेवा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने बैठक के माध्यम से भारत सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के हित में निर्णय लिए जाने का आग्रह किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया गया कि इपीएस 95 के मासिक पेंशन में बढोतरी किया जाये क्योकि इसके दायरे में आने वाले सभी लोग वरिष्ठ नागरिक हैं। पीएम से अनुरोध किया गया कि ईपीएस 95 के नेशनल एजिटेशन कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अशोक रावत द्वारा दिए गये मांग पत्र पर शीघ्र विचार किया जाये और वरिष्ठ नागरिकों के सुखी जीवन के लिए मासिक पेंशन मे बढोतरी की जाये। बैठक में आर सी प्रसाद,सुनिल कुमार सिंहा, एसपी साहू , उमाशंकर सिंह थे।

# महुदा में तीन घरों से 40 हजार के सामान की चोरी

**रात में छत के कमरे पर सोते रहे लोग, नीचे से कपड़े-जैकेट और इंडक्शन चूल्हे ले उड़े चोर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बुधवार की रात महुदा बस्ती में अज्ञात चोरों ने कहर बरपाया। एक ही रात में तीन घरों का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 40 हजार रुपये मूल्य का सामान पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक बस्ती निवासी हैदर अंसारी, मुर्शीद अंसारी और शहीद अंसारी रात का भोजन कर करीब 12 बजे कमरे में ताला बंद कर परिवार समेत छत वाले कमरे पर सो गए थे। इसी बीच चोरों ने नीचे के कमरों का ताला तोड़ा और अलमारी में रखे नये कपड़े, जैकेट तथा रसोई से दो इंडक्शन चूल्हे चुरा ले गए। सुबह लगभग 3 बजे जब परिवार का एक सदस्य बाथरूम के लिए नीचे आया, तो टूटा ताला और खाली अलमारी देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना भाटडीह पुलिस को दी गई। सुचना पाकर भाटडीह ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। क्षेत्र में हो रहे लगातार चोरी की वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश और दहशत का माहौल है।

## हवाई अड्डा संचालित करने के लिए सभी निर्माण 15 अक्टूबर तक करें पूरा : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को बोकारो हवाई अड्डा स्थित सभागार में अहम बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने हवाई अड्डा विस्तारीकरण से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उच्च तीव्रता वाले फ्लैशलाइट अधिष्ठापित करने के लिए वॉच टावर के निर्माण की स्थिति की जानकारी जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार से लिया। इसपर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने इस संबंध में कार्य प्रगति की जानकारी दीं। बोकारो हवाई अड्डा के विस्तारीकरण के लिए नगर विमानन के शर्तों के अनुसार आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। इस संबंध में बीएसएल प्रबंधन के अधिकारी ने आवश्यक जानकारी उपायुक्त से साझा की। हवाई अड्डा परिसर के साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए झाड़ियो की कटाई की स्थिति की जानकारी बीएसएल प्रबंधन के पदाधिकारियों से ली। बीएसएल प्रबंधन के प्रतिनिधि ने कहा कि इस कार्य को शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद को बोकारो हवाई अड्डा परिसर के लिए सुरक्षा मानकों के अनुसार एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। उपायुक्त ने बोकारो हवाई अड्डा को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सभी कार्य को आगामी 15 अक्टूबर तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कार्य, ड्रेनेज व्यवस्था, बैरियर सिस्टम, सुरक्षात्मक दीवार इन सभी कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुसार समय से पूर्ण करें।

## धनबाद में बनेगा गौ-चिकित्सालय 28 को भूमि पूजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला नगर में बीमार घायल गायो की चिकित्सीय इलाज के लिए चिकित्सालय बनाया जायेगा। जिसका भूमि पूजन 28 अगस्त को बीसीसीएल के प्रबंध निदेशक समीरन दता और धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा किया जाना है। इस अवसर पर विनोद बिहारी कोयलाचल विश्व विद्यालय के कुलपति, आइएसएम, सिम्फर अन्य कई शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इस स्थान पर गो चिकित्सा के अलावा अन्य कई सेवा कार्य सीनियर सिटीजन के लिए लाइब्रेरी ,बच्चो के लिए बुक बैंक, होमियोपैथी डिस्पेंसरी, प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श केंद्र, गो उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र आदि भी शुरू किए जायेगे । यह पूरा प्रकल्प 'पवित्रम सेवा धाम' के नाम से जाना जायेगा। पवित्रम सेवा परिवार ट्रस्ट इस प्रकल्प का संचालन करेगा। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से घायल-बीमार गोवंश की चिकित्सा - सेवा का कार्य कर रहा है। गांव गाव मे जैविक खेती, गोउत्पाद का निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रचार -प्रसार कर रहा है।

### नीरज सिंह हत्याकांड में पूर्व विधायक संजीव सिंह ने अदालत में दिया आवेदन, कहा

# कोर्ट में पेश हुए झूठे सबूत, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में नामजद आरोपी और पूर्व विधायक संजीव सिंह ने अदालत में एक सनसनीखेज आवेदन देकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि जांच अधिकारियों और अभियोजन पक्ष ने उन्हें साजिशन फंसाने के लिए झूठे और फर्जी साक्ष्य गढ़े हैं। इस मामले की सुनवाई आज (21 अगस्त 2025) को न्यायालय में होनी है। संजीव सिंह ने अपने अधिवक्ता एम अली के माध्यम से अदालत में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी निरंजन तिवारी और लोक अभियोजक संतेष्ट कुमार राय ने झारखंड सरकार की शह पर उनके खिलाफ साजिश रची। उनका कहना है कि इन अधिकारियों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज और मोबाइल सीडीआर रिपोर्ट तैयार की, ताकि उन्हें हत्या के मामले में दोषी साबित किया जा सके। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 अगस्त 2025 को कोर्ट में संजीव सिंह के मोबाइल नंबर की जो सीडीआर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, वह झूठी है। दावा किया गया है कि उस रिपोर्ट में मोबाइल टावर लोकेशन के जरिए यह दिखाने की कोशिश की गयी कि घटना के समय संजीव वारदात स्थल पर मौजूद थे, जबकि असली रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं है। इसी तरह आदित्य नामक व्यक्ति के मोबाइल नंबर की भी फर्जी सीडीआर बनायी गयी। वकील ने यह भी कहा कि मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के कॉल डेटा अधिकारी की रिपोर्ट से यह साफ है कि आदित्य का मोबाइल टावर उस समय घटना स्थल से काफी दूर था। इसके बावजूद सीडीआर को तोड़-मरोड़ कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके अलावा, अभियोजन पक्ष पर यह भी आरोप लगाया गया कि उन्होंने मामले से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य जैसे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल रिकॉर्ड, और पुलिस जांच रिपोर्ट को जानबूझकर छिपाया।

## ढुल्लू महतो के आश्वासन पर भाजपाइयों का धरना समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** मैथन वनमेढ़ा में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा धनबाद ग्रामीण के बैनर तले पिछले छह दिनों से पुनर्वास की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार की देर शाम धनबाद सांसद ढुल्लु महतो के आश्वासन पर समाप्त हो गया। सांसद ढुल्लु महतो ने कहा की छह दिन पूर्व जिस तरह से जिला व स्थानीय प्रशासन द्वारा 26 घरों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया है वह सही नहीं है। भाजपा देश में विकास देखना चाहती है। मगर किसी गरीब के घर उजाड़ कर नहीं। जिस तरह से पिछले दिनों घटना घटी है वह निश्चित रूप से शक के घेरे में है और जिसकी जांच होगी। जब पूर्व में अंचलाधिकारी द्वारा जमीन चिन्हित कर दिया गया था। फिर वर्तमान अंचलाधिकारी कैसे उनके द्वारा चिन्हित किये गये पिलरिंग को मानने से इंकार कर दिए। इस संबंध में मेरी लगातार धनबाद उपायुक्त से वार्ता हो रही है। बहुत जल्द इसका रिजल्ट भी सामने देखने को मिलेगा। उन्होंने सभी को आश्वास्त किया की घबराने की जरूरत नहीं है। जिनका घर टूटा है उनको जमीन मुहैया करा घर निर्माण करवाया जायेगा।

# मोबाइल की लत छोड़ पढ़ाई और फिटनेस पर ध्यान दें बच्चे : डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** छोटी उम्र से ही बच्चों में मोबाइल की लत आज के समय में बहुत बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। रील्स के दौर में रियल लाइफ प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों को चाहिए कि पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दें। फिटनेस के लिए रोजाना कसरत करें और खेल के मैदान में समय बिताएं। यह कहना है बोकारो के पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आलोक रंजन का। वे गुरुवार को डीपीएस बोकारो की प्राइमरी इकाई में आयोजित ऑलराउंड अचीवर्स अवार्ड समारोह में पुरस्कृत विद्यार्थियों को बतौर मुख्य अतिथि वह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बच्चों को अपने शिक्षकों तथा माता-पिता से अपनी बातें साझा करने की भी प्रेरणा दी। समारोह में विगत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले कक्षा दो से चौथी तक के कुल 211 मेधावी छात्र-छात्राओं को अचीवर्स बैज और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व, मुख्य अतिथि श्री रंजन और विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। बच्चों ने सुरीले स्वागत गान से अतिथियों का स्वागत किया। भगवान विष्णु के दशावतार पर आधारित नृत्य की मनोरम प्रस्तुति से उन्होंने सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। बच्चों की भाव-भंगिमा और उनके प्रदर्शन ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतिभाओं का प्रोत्साहन आवश्यक बताया। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया से परहेज करने, बाहर खेलने, अच्छी किताबें पढ़ने और आत्मविश्वास व कठिन परिश्रम पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

## डीडीसी ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में गुरुवार को नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर उन्होंने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों और युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्कूल और शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होनी चाहिए। नशा का सेवन करने से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। वे विभिन्न बीमारियों से ग्रसीत हो जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग को जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना होगा। वहीं उप विकास आयुक्त ने बैठक में मौजूद ड्रग इंस्पेक्टर को दवाई दुकानों की औचक जांच करने, नकली दवा के विरुद्ध अभियान चलाने, बिल की जांच करने, कुछ दवाइयों के सैंपल की जांच कराने, प्रतिबंधित दवा की बिक्री नहीं हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण के लिए निरंतर अभियान चलाने, छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने तथा सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में एन्टी ड्रग टीम का गठन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर बैठक की। उन्होंने कोटपा अधिनियम 2003 के तहत व्यापक रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार, विरेन्द्र कुमार, जिला तंबाकू नियंत्रण सेल से डॉ मंजू दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता शुभंकर मैत्रा के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़**
**(खनन शाखा)**

**सूचना**

**रामगढ़ थाना काण्ड सं0 14/2025 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ के कार्यालय परिसर में जप्त भण्डारित लगभग 6500 घन फीट (छः हजार पाँच सौ) बालू के आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला के रामगढ़ थाना काण्ड सं0 14/2025 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ के कार्यालय परिसर में जप्त भण्डारित लगभग 6500 घन फीट (छः हजार पाँच सौ) लघु खनिज बालू का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित के नियमों एवं प्रावधानों के आम नीलामी दिनांक 09.09.2025 को समय 03.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू की मात्रा | न्यूनतम खनिज मूल्य | सुरक्षित जमा राशि (खनिज मूल्य का 10%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खनन कार्यालय परिसर में। | लगभग 6500 घन फीट | बालू खनिज का बिक्री मूल्य– प्रति 1 (एक) cft @ Rs. 12.80 की दर से = 6500 x 12.80 = 83200.00 रू0 (तेरासी हजार दो सौ रूपया) | 8320.00 रू0 (आठ हजार तीन सौ बीस रू0) |

2.नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3.नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4.नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के भुगतान के साथ–साथ आयकर के मद में उच्चतम डाक की राशि का 2% राशि नियमानुसार देय होगा।
5.नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6.उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा
7.उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8.उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9.खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10.अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 21.08.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 09.09.2025 समय 1.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।
(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iii) आधार कार्ड की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की प्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।
नोटः–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्त्ता,रामगढ़

PR 360032 Mines and Geology(25-26).D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# जीएसटी में 12 और 28 फीसदी वाले स्लैब खत्म होंगे

## 5 और 18 फीसदी स्लैब को जीओएम की मंजूरी : रोजाना इस्तेमाल की चीजें सस्ती होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने जीएसटी के 12 और 28 फीसदी के स्लैब को खत्म करने की मंजूरी दे दी है। अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब 5 और 18 फीसदी ही होंगे। लग्जरी आइटम 40 फीसदी के दायरे में आयेंगे। जीओएम के संयोजक सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी दी। अभी जीएसटी के चा स्लैब 5, 12, 18, और 28 फीसदी होते हैं। जीओएम की बैठक पर इसके संयोजक सम्राट चौधरी ने कहा कि हमने केंद्र सरकार के प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें 12 और 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को खत्म करने की बात है। सभी ने केंद्र के प्रस्तावों पर अपने सुझाव दिये। कुछ राज्यों ने कुछ आपत्तियां भी जतायीं। इसे जीएसटी काउंसिल के पास भेजा गया है, जो इस पर फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कहा था कि इस साल दिवाली में बड़ा तोहफा मिलने वाला है। हम नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म लेकर आ रहे हैं। सामान्य लोगों के लिए टैक्स कम कर देंगे, रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जायेगी, लोगों को बहुत फायदा होगा।




**ये सामान सस्ते होंगे – इन पर टैक्स 12 से 5% होगा :** एक्सपर्ट के मुताबिक सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपये से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपये की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, एचआइवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा। ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 12% के टैक्स स्लैब में आते हैं। दो स्लैब की मंजूरी के बाद इन पर 5% टैक्स लगेगा।


**ये सामान भी सस्ते होंगे – इन पर टैक्स 28 से 18% होगा :** सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस।

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

## ट्रंप को चेताया, भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रंप प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी। निक्की ने यह आर्टिकल ट्रंप के भारत पर लगाये गये 50% टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और



लोकतांत्रिक साझेदार माने।

'भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक' निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा कि जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।

निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाये जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआइपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा। यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खीमजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी को बुधवार रात दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में एक मजिस्ट्रेट के घर पर पेश किया गया। इसके बाद उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। राजेश पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। गुजरात में भी राजेश पर चाकूबाजी समेत पांच केस पहले से दर्ज हैं। हालांकि, गिरफ्तारी के दौरान उसके पास कोई हथियार नहीं मिला।

# स्पेस मिशन में डर लगता है: शुभांशु शुक्ला

- आपके पीछे भरोसेमंद टीम, जिसे आप जिंदगी सौंप देते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने कहा कि एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) में दो हफ्ते रहे। मैं मिशन पायलट था। मैं कमांडर था। मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था। आइएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किये। कुछ तस्वीरें लीं। इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली। यह एक अलग ही अनुभव था। दिल्ली में मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए शुभांशु ने कहा कि अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा। डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है। वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है। पिछले एक साल में मैंने जो भी जानकारी इकट्ठा की है, वह हमारे अपने मिशनों, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के




लिए बेहद उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम अपने कैप्सूल से, अपने रॉकेट से और अपनी धरती से किसी को अंतरिक्ष में भेजेंगे। यह अनुभव जमीन पर सीखे गये अनुभवों से बहुत अलग होता है। शरीर कई बदलावों से गुजरता है। अंतरिक्ष में 20 दिन बिताने के बाद शरीर ग्रेविटी में रहना भूल जाता है।

शुभांशु का अगला मिशन गगनयान होगा। यह इसरो का ह्यूमन स्पेस मिशन है। इसके तहत 2027 में स्पेसक्राफ्ट से वायुसेना के तीन पायलट्स को स्पेस में भेजा जायेगा। ये पायलट 400 किमी के ऑर्बिट पर तीन दिन रहेंगे, जिसके बाद हिंद महासागर में स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग करायी जायेगी। मिशन की लागत करीब 20,193 करोड़ रुपये है। गगनयान मिशन के लिए अभी वायुसेना के चार पायलट्स को चुना गया है, जिनमें से एक ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं। शुभांशु इसीलिए एक्सियम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये थे।


# असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेया जायेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं है, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।






































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**